



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 288 | ग्वालियर, मंगलवार 8 अगस्त 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए




## ज्ञानवापी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा मुस्लिम पक्ष? हिंदू पक्ष भी दाखिल करेगा कैविएट

**वाराणसी ।** ज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे को लेकर मुस्लिम पक्ष को तगड़ा झटका लगा है और इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है. अब इसको लेकर मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट जाने का मन बना रहा है. उम्मीद जताई जा रही है कि एक से दो दिन के अंदर मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकता है.वहीं, हिंदू पक्ष आज गुरुवार (03 अगस्त) को ही सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर देगा. यह कैविएट इसलिए दाखिल किया जाएगा ताकि अगर हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्षी यानी मस्जिद कमेटी की तरफ से कोई अर्जी दाखिल की जाती है तो उसमें हिंदू पक्ष को भी सुनवाई का मौका दिया जाए. हिंदू पक्ष को सुनवाई का मौका दिए बिना कोई



आदेश पारित ना किया जाए.

**जारी रहेगा एएसआई सर्वे**– हाईकोर्ट चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर की सिंगल बेंच ने ये फैसला सुनाते हुए मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज करते हुए एएसआई सर्वे को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कर दिया. मुस्लिम पक्ष ने सर्वे से ढांचे को नुकसान होने की बात कही थी. तो एएसआई की ओर से एक एफिडेविट दाखिल कर कहा गया था कि सर्वे से कोई नुकसान नहीं होगा, जिसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ये फैसला सुनाया.एएसआई ने कहा कि अगर खुदाई करने की जरुरत हुई तो उसके लिए पहले कोर्ट से इजाजत ली जाएगी. हिंदू पक्ष का कहना है कि विवादित जगह पहले मंदिर था. औरंगजेब ने मंदिर तोड़कर मस्जिद बनवाई थी.दरअसल, 21 जुलाई को मुस्लिम पक्ष ने ज्ञानवापी का सर्वे कराए जाने के जिला अदालत के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मस्जिद के ढांचे को नुकसान होने की बात कहकर सर्वे पर रोक लगाने की मांग की थी. मुस्लिम पक्ष अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में जुट गया है.

## उद्धव ठाकरे से मिले एनसीपी के नेता जयंत पाटिल,क्या हुई बात

एनसीपी नेता जयंत पाटिल ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की. दोनों ही नेताओं की ये बैठक विपक्षी गठबंधन मीटिंग की तैयारियों और प्लानिंग को लेकर हुई है. दरअसल विपक्षी गठबंधन की मुंबई में होने वाली अगली बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को होनी है. पटना और बेंगलुरु के बाद इंडिया गठबंधन की ये तीसरी बैठक होगी.मुंबई के सांताक्रुज-कलीना इलाके में स्थित ग्रैंड हयात होटल में इंडिया गठबंधन की बैठक का वेन्यू तय किया गया है. गठबंधन की होने वाली बैठक से पहले आज (7 अगस्त) एनसीपी के नेता जयंत पाटिल, उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री जाकर उनसे मिले. जयंत पाटिल ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷आज की यह मुलाकात इंडिया की होने वाली बैठक को लेकर हुई है. 31अगस्त और 1 सितंबर को होने वाली इंडिया की बैठक की तैयारियों और योजना पर चर्चा की जरूरत थी.÷

**बैठक में कौन-कौन हुआ शामिल**–इंडिया गठबंधन की इस बैठक से पहले शनिवार को मुंबई के नेहरू साइंस सेंटर में महा विकास अघाडी की बैठक हुई थी. बैठक में तीनों दलों के बड़े नेता



शामिल हुए थे. एनसीपी की तरफ से शरद पवार, जयंत पाटिल, सुप्रिया सुले और अनिल देशमुख शामिल हुए तो कांग्रेस की तरफ से अशोक चव्हाण, पृथ्वी राज चव्हाण, बाला साहेब थोराट, नाना पटोले शामिल हुए. इसके अलावा शिवसेना (यूबीटी) की तरफ से उद्धव ठाकरे, संजय राउत और अनिल देसाई शामिल हुए थे.

**राहुल गांधी के स्वागत की तैयारी**–एमवीए नेता ने यह भी बताया कि मुंबई आने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया जाएगा. दरअसल राहुल गांधी की मोदी सरनेम मामले में मिली सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन पहले ही रोक लगाई थी, जिसके बाद उनकी संसद सदस्यता बहाल हो गई है.

## दिल्ली अध्यादेश बिल पर राज्यसभा में पूर्व CJI रंजन गोगोई बोले, अगर सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित है तो...

राज्यसभा में सोमवार (7 अगस्त) को दिल्ली सेवा वाले बिल पर चर्चा के दौरान सांसद और पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई ने बिल का समर्थन किया है. उन्होंने कहा कि मेरे लिए बिल सही है. किसी के लिए गलत हो सकता है. सदस्य पार्टी के हिसाब से अपना मत रखते हैं. उन्होंने कहा कि यह कहना गलत कि यह मामला कोर्ट में लंबित है और इस पर सदन में बिल नहीं आ सकता. सुप्रीम कोर्ट के समक्ष जो लंबित है वह अध्यादेश की वैधता है, और दो प्रश्न संविधान पीठ को भेजे गए



हैं और इसका सदन में बहस से कोई लेना-देना नहीं है. गोगोई ने कहा कि विधेयक पूरी तरह से वैध है.

**रंजन गोगोई ने और क्या कहा**–रंजन गोगोई ने कहा कि केंद्र का अध्यादेश आज जिस स्थिति में है, उसे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ अतिक्रमण नहीं कहा जा सकता. संसद के पास दिल्ली जैसे केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कानून बनाने का अधिकार है.

## अमित शाह बोले, बिल का मकसद दिल्ली को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है

**नई दिल्ली।**दिल्ली सेवा बिल 2023 को लेकर राज्यसभा में चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस बिल का लक्ष्य दिल्ली में सुचारू रूप से भ्रष्टाचार को खत्म करना है. बिल में प्रावधान से पहले जो भी व्यवस्था थी, उस व्यवस्था में किसी भी तरह का कोई परिवर्तन नहीं किया गया है.' उन्होंने कहा कि विधेयक से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी उल्लंघन नहीं हुआ है. गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को राज्यसभा में दिल्ली सेवा बिल को पेश किया. यह बिल लोकसभा से पास हो चुका है. दिल्ली में अधिकारों की जंग वाले इस बिल पर आप को 26 विपक्षी पार्टियों का साथ मिला है. इसके साथ तेलंगाना की सत्ताधारी ने भी अपने सांसदों से



बिल का विरोध करने को कहा है. अमित शाह बोले, पहले दिल्ली में ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर झगड़े नहीं होते थे, किसी सीएम को दिक्कत नहीं होती थी. 2015 में एक आंदोलन के बाद एक सरकार सामने आई। सरकार बनी..कुछ लोगों ने कहा कि केंद्र सत्ता अपने हाथ में लेना चाहती है. केंद्र को ऐसा करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भारत के लोगों ने हमें शक्ति और अधिकार दिया है. उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा, ÷शब्दों के श्रृंगार से असत्य को सत्य नहीं बनाया जा सकता...ऑक्सफोर्ड की डिक्शनरी के सुंदर, लंबे शब्दों को बोलने से असत्य को सत्य नहीं बनाया जा सकता...÷ अमित शाह ने कहा, हम आपातकाल लाने के लिए नहीं बल्कि संविधान में संशोधन कर रहे हैं. कांग्रेस को लोकतंत्र पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

## प्रशासन ने अफवाह फैलाने वालों पर कसी नकेल, 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**नई दिल्ली।**हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद प्रशासन शांति बहाली की कोशिशों में लगा हुआ है. सभी पक्षों से शांति की अपील की गई है. प्रशासन और पुलिस दोनों समुदायों के साथ पीस बैठक कर रही है. इस तरह से नफरत को शांति के पैगाम में बदलने की कोशिश है. वहीं अधिकारियों ने हिंसा के बाद सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली भ्रामक सूचनाओं से सतर्क रहने को कहा है. यहां पर भ्रामक पोस्ट करने वाले 10 लोगों को पहचाना गया है. उनके खिलाफ अफवाह फैलाने का मामला दर्ज किया गया है. पीस मीटिंग में डीसी ने लोगों से कहा कि वे अपने बच्चों को सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं से दूर रखें.बच्चों को



समझाएं कि किसी तरह की गलत सूचनाओं को सोशल मीडिया पर न डालें. इससे समाज में बिखराव हो सकता है. उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस तरह के माहौल में हम सबका नुकसान होगा. ऐसे में सभी नागरिक दोषियों पर शिकंजा कसने में सहयोग करें. इसके साथ शांति बहाली के प्रयास करें. सभी नागरिक अपने काम में व्यस्त हो जाएं और इस तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें. पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया के अनुसार, अभी तक सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने के आरोप में दस लोगों पर केस दर्ज किया गया है. उन्होंने कहा, 'इस समय मामला बहुत संवेदनशील है और ऐसे में इस तरह की पोस्ट आग में घी का काम करने वाली है. कोई भी पोस्ट आए तो उस पर नागरिक तुरंत अपनी धारणा को बनाएं. विदेशों से भी भड़काऊ पोस्ट भेजे जा रहे हैं. इससे सभी नागरिकों इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है.

## राघव चड्ढा का केंद्र पर पलटवार, नेहरूवादी बनने की बजाय आडवाणीवादी बने

**नई दिल्ली।**राज्यसभा में आज यानि सोमवार को आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित दिल्ली सेवा विधेयक की जमकर आलोचना की और इसे ÷राजनीतिक धोखाधड़ी÷ और ÷संवैधानिक पाप÷ करार दिया. अपने संबोधन के दौरान, चड्ढा ने विधेयक को सदन में अब तक प्रस्तुत किया गया सबसे ÷अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक और अवैध÷ कानून बताया. सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले का जिक्र करते हुए चड्ढा ने इस बात पर जोर दिया कि 11 मई, 2023 को सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से निर्णय दिया था कि एनसीटी दिल्ली सरकार में सिविल सेवक सीएम के नेतृत्व वाली निर्वाचित मंत्रिपरिषद के प्रति जवाबदेह होगा. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह जवाबदेही सरकार के लोकतांत्रिक और जवाबदेह स्वरूप के लिए जरूरी है. उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यादेश का लक्ष्य दिल्ली सरकार की शक्ति और लोगों के जनादेश को कम करना है. संवैधानिक निहितार्थों की अपनी चर्चा में चड्ढा ने पांच प्रमुख बिंदुओं को सामने



रखा. उन्होंने विधेयक को असंवैधानिक बताया. उन्होंने जोर देकर कहा कि यह विधेयक विधेयक अध्यादेश बनाने की श?क्तियों का दुरुपयोग है. यह सुप्रीम कोर्ट के अधिकार को सीधी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है. इसके अलावा उन्होंने तर्क दिया कि विधेयक एक निर्वाचित सरकार से उसके अधिकार को छीन लेने की प्रक्रिया है. यह विधेयक निर्वाचित अधिकारियों पर अनिर्वाचित अधिकारियों के प्रभुत्व का प्रतीक है.केंद्र सरकार को याद दिलाते हुए चड्ढा ने ÷नेहरूवादी÷ रुख अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि यह उनके तात्कालिक एजेंडे के अनुकूल है. उन्होंने राज्य के लिए अनुभवी नेताओं के ऐतिहासिक संघर्ष को याद दिलाया. उन्होंने भाजपा से दिल्ली के लिए ÷वाजपेयीवादी÷ या ÷आडवाणीवादी÷ दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि एक वक्त था जब भाजपा खुद दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करती थी. उस समय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उपप्रधानमंत्री रहे लाल कृष्ण आडवाणी खुद सदन में कॉन्स्टीट्यूशनल अमेंडमेंट बिल 2003 को लेकर आए थे. इसमें दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग थी. 2013 के अपने चुनावी घोषणापत्र में भी पार्टी ने कहा था कि हम दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे.

## राज्यसभा में पास हुआ दिल्ली सेवा बिल, केजरीवाल बोले- खत्म हो गई दिल्ली वासियों के वोट की कीमत

**नई दिल्ली।** में पास हो गया है. लोकसभा से पारित होने के बाद इस बिल को आज राज्यसभा में पेश किया गया. जहां पूरे दिन इस पर चर्चा हुई. चर्चा के बाद ये बिल पारित हो गया. दिल्ली सेवा बिल के पक्ष में 131 वोट डाले गए तो इसके विरोध में विपक्षी सासंदों की ओर से सिर्फ 102 वोट पड़े. एनडीए को उम्मीद से ज्यादा समर्थन मिला है. वोटिंग के दौरान



विपक्ष को 7 वोट कम मिले वहीं एनडीए को उम्मीद से 10 वोट ज्यादा मिले है. बिल अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मंजूरी के लिए भेजा जाएगा. उसके बाद यह कानून बन जाएगा.राज्यसभा में दिल्ली सेवा बिल पास होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने देखा कि आम आदमी पार्टी को दिल्ली में हराना बहुत मुश्किल है. सीधे-सीधे ये चार चुनाव आम आदमी पार्टी से हारे हैं. जब इन्हें लगा कि आम आदमी पार्टी को हराना मुश्किल है तो चोर दरवाजे से इन्होंने ऐसा किया. केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार को अहंकार हो गया है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं मानती. जनता ने साफ कहा था कि केंद्र दिल्ली में दखल ना दे, लेकिन जनता की बात नहीं सुनी जाती.

## अविश्वास प्रस्ताव पर कल 12 बजे बोलेंगे राहुल गांधी, प्रियंका बोलीं- असल मुद्दों पर आवाज दोबारा गूंजेगी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्य बहाल हो चुकी है. 137 दिनों बाद उनकी संसद में जोरदार वापसी की तैयारी हो रही है. मंगलवार को संसद में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस के लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी. ऐसे में ज्यादा संभावना है ?कि राहुल गांधी लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस की शुरुआत कर सकते हैं. लोकसभा में वापसी को लेकर पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि देश की जनता के असल मुद्दों की आवाज एक बार दोबारा संसद में गूंजने वाली है. सोमवार को राहुल गांधी को संसद में बोलने का मौका नहीं मिला. कयास लगाए जा रहे हैं कि मंगलवार को 12 बजे राहुल गांधी अविश्वास प्रस्ताव अपने विचार रखने वाले हैं.राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता की बहाली को लेकर कांग्रेस मुख्यालय में जश्न का माहौल है. कायकर्ताओं में जोश देखने को मिल रहा है. लोकसभा सदस्यता की बहाली पर संसद पहने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी सांसदों ने राहुल गांधी का पूरी गर्मजोशी से स्वागत किया. केरल के वायनाड से सांसद के रूप में राहुल गांधी का दर्जा सोमवार को बहाल करा गया है. यह तब हुआ जब सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि के एक मामले में रोक लगा दी

## धूमधाम से मनाया गया एक्टिव कुशवाह समाज के अध्यक्ष कमल कुशवाह का जन्मदिन



आ, एस रजक
पुष्पजलि टुडे

**भिण्ड-** एक्टिव कुशवाह महासभा के अध्यक्ष कमल कुशवाह का जन्मदिन 07 अगस्त को एक्टिव कुशवाह समाज के पदाधिकारियों द्वारा बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया विदित हो कि कमल कुशवाह समाज में सेवा के लिऐ हमेशा अग्रणी रहते हैं अध्यक्ष का जन्मदिन कार्यक्रम महासभा के प्रधान कार्यालय में रखा गया था जिसमें कुशवाहा समाज के साथी बड़ी संख्या में मौजूद रहें और अपने अध्यक्ष का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया जन्मदिन के अवसर पर एक्टिव कुशवाह समाज के अध्यक्ष राजेशसिंह कुशवाह, मुख्यमहासचिव डॉ. अरविंद सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष डीएस कुशवाह, कल्लूसिंह कुशवाह, ब्लॉंक अध्यक्ष आशीष कुशवाह, केपी कुशवाह, अशीष जवासा सहित समाज के पदाधिकारीगण भारी संख्या में उपस्थित रहें।

## बेटी सरस्वती को न्याय दिलाने शहर सभी समाजिक संगठनो ने मुख्यमंत्री नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी** – बीते 5 अगस्त को सरस्वती यादव निवासी ग्राम अतवेई (पोहरी) हाल निवासी पी.एस. होटल के पास शिवपुरी कक्षा 12 वीं की कोचिंग से पढकर लोटते समय पुलिस लाईन शिवपुरी के पास पुलिस वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर छात्रा में टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही छात्रा की मृत्यु हो गई। पुलिस वाहन चालक का अमानवीय कृत्य यह रहा कि मृतक अवस्था में छात्रा को छोड़कर गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। इस दर्दनाक घटना से संपूर्ण शहर शिवपुरी की सभी जनता जर्नादन में दुख व्याप्त होकर आक्रोश है। छात्रा सरस्वती का परिवार इस समय बहुत ही दुखी एवं दयनीय आर्थिक हालत में है। ज्ञापन में रखी छात्रा भाई को सरकारी नौकरी की मांग।मृतक छात्रा सरस्वती परिवार की मदद हेतु उसके बड़े भाई जो स्नातक की शिक्षा प्राप्त किये हुए हैं। उसे शासकीय सेवा नियुक्ति दिलाई जाये एवं क्षतिपूर्ति राशि परिवार के लिए एक करोड रूपये प्रदान कराने लिए रखी माँग। पुलिस किसी भी वाहनों का नहीं है बीमा।जहाँ एक तरफ आम जनता अपने वाहनों का बीमा इस लिए





करवाती है जिससे उनके वाहनों को पुलिस ना पकड़े वही जब पुलिस वाहन से छात्रा सरस्वती की मृत्यु हुई है, उस वाहन का बीमा भी नहीं है। म. प्र. पुलिस के सभी वाहन बिना बीमा के ही रोड पर दौड़ते है। जिसका परिणाम सरस्वती जैसी कन्याओं की मृत्यु के बाद किसी भी प्रकार का बीमा राशि का मिलना असंभव है। पुलिस विभाग शासन के गृह विभाग के अंतर्गत आता है। गृह मंत्री म.प्र.शासन द्वारा पुलिस के वाहनों का बीमा क्यों नहीं करया जाता क्या नियम सिर्फ गरीब जनता लिए ही बनाये जाते है पुलिस ? लिए कोई नियम क्यों काम नहीं करता।अखिल भारतवर्षिय यादव महासभा जिला अध्यक्ष नारहरि प्रसाद यादव ने बतया की यदि बेटी सरस्वती को तीन दिन में न्याय नहीं मिलता तो धरना, हड़ताल, रैली और भूक हड़ताल भी की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होंगी क्योकि यह कोई पहली घटना पुलिस वाहने द्वारा नहीं घटी। कई ऐसे मामले है जिसमे पुलिस वाहन से एक्सीडेंट हो जाता है और वाहनों का बीमा ना होने कारण पीढ़ित परिवार को क्लेमप की राशि नहीं मिलती है।

## दुष्कर्म के अपराध में फरार 2000 -2000 रुपये के ईनामी दो आरोपी गिरफ्तार

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**पिछोर,।** पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया , एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के निर्देशन में व थाना पिछोर इंचार्ज थाना प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार किए जिनकी गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 2000-2000 रुपये का ईनाम घोषित किया था । आरोपी मुलायम लोधी और राजपाल लोधी निवासी ग्राम बनोटा को बीजासेन रोड से गिरफ्तार किया। फरियादिया निवासी ग्राम बनोटा ने रिपोर्ट की थी कि दिनांक 20/7/23 को कुंआ के पास बने कमरे में आकर आरोपी मुलायम लोधी द्वारा जबरन दुष्कर्म किया व राजपाल लोधी का वक्त घटना वहीं पर खड़ा था । फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना पिछोर में अपराध क्रमांक 388/23 धारा 376, 450,34 आईपीसी पंजीकृत किया था ।पुलिस थाना पिछोर की टीम में एएसआई जहान सिंह, शैलेंद्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह यादव, आरक्षक बचान सिंह तोमर, भूपेन्द्र सिंह,राघवेंद्र पाल व रवि कौरव की सराहनीय भूमिका रही।

# काबड़ यात्रा का विभिन्न स्थानों पर हुआ भव्य स्वागत





**-दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय - मुंगावली** सोमबार को शहर मुंगावली के प्रसिद्ध सिद्देश्वर महादेव मंदिर से काबड़िये शहर से 15 किलोमीटर दूर बेतबा नदी के किनारे शिव मंदिर कंजिया घाट पहुंचकर वहा से जल भरकर काबड़ यात्रा प्रारम्भ की ओर इस यात्रा मे डी जे ढोल धमाके के साथ कावड़ यात्रा में मुंगावली के आसपास गांव की महिलाएं बहुत बड़ी संख्या में कलश में जल भरकर कंजिया घाट से लेकर छोटे छोटे बच्चे ओर महिलाये एवं पुरुष धूम धाम से नाचते हुए ओर बोल बम बोल बम कहते हुए चलते नज़र आये । ओर साथ ही काबड़ियों का जगह जगह भव्य स्वागत हुआ ओर पूरा शहर बोल बम बोल बम काबडियो के साथ कहते हुए झूमते नजर आये । वही प्रशासन की व्यवस्था भी चाक चौबंद रहीकाबड़ यात्रा शहर के मुख्य मार्ग बीना रोड होते हुए स्टेशन रोड विद्यार्थी चौराहे से होकर गायत्री मंदिर , पुराना बाजार से होकर पोस्ट ऑफिस चौराहा सिद्देश्वर महादेव मंदिर पहुंचक सभी काबड़ियों ने उसी जल से शिवजी का शिव अभिषेक कर पूजन अर्चन किया ।

**चोरी के प्रकरणों मे शिवपुरी पुलिस की बड़ी कार्यवाही,**

## पुलिस थाना दिनारा द्वारा चोरी की चार मोटरसाईकिल एवं एक पानी का पंप विधुत मोटर को वरामद कर आरोपिरयों को किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-दिनांक 27.07.2023 को फरियादी कौशल प्रसाद शर्मा पुत्र श्री हरचरण शर्मा उम्र-52 साल निवासी दिनारा द्वारा अपनी मोटरसाईकिल एचएफ डीलक्स हीरो कंपनी की जिसका रजिस्ट्रेशन नंवर यूपी93 एपी 3732 दोपहर 03-04 वजे अज्ञात चोर घर के वाहर दिनारा से चोरी कर ले गए है । रिपोर्ट पर से थाना दिनारा पर अपराध क्र0 192/2023 धारा 379 भा0द0वि0 का कायम कर विवेचना में लिया गया । दिनाँक 25.07.23 को ग्राम परान में फरियादी अवधेश लोधी पुत्र श्रीपत लोधी उम्र-30 साल निवासी परान के कुआं पर से एक पानी का पंप विद्धुत मोटर चोरी हुई थी जिसकी रिपोर्ट पर से अपराध क्र0 188/23 धारा 379 भा0द0वि0 का कायम कर विवेचना में लिया गया । कस्वा दिनारा में हुई मोटरसाईकिल एवं विद्धुत मोटर की चोरी की घटना पर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस करैरा द्वारा थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव को उक्त घटनाओं की पतारसी हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर से उक्त प्रकरणों में चोरी गए माल की वरामदगी एवं आरोपीगणों की पतारसी हेतु मुखविर लगाए गए एवं विवेचना के दौरान दिनाँक 06.08.2023 को अपराध क्रमांक 192/2023 धारा 379 भा0द0वि0 में चोरी गई 1.मोटरसाईकिल एचएफ डीलक्स हीरो कंपनी क्रमांक यूपी93 एपी 3732 को मुखविर की सूचना पर से सिकंदरा वैरियर दतिया दिनारा रोड से आरोपी राजा उर्फ सन्नी पुत्र मायाराम यादव उम्र-19 साल निवासी खरग थाना जिगना जिला दतिया एवं आरोपी सुमित पुत्र परसुराम यादव उम्र-24 साल निवासी खरग थाना जिगना जिला दतिया के कब्जे से चोरी गई मोटरसाईकिल को वरामद किया गया व आरोपीगणों से पूछताछ में दतिया जिले के ग्राम सिजौरा थाना वडौनी से एक 2.एचएफ डीलक्स हरे रंग हीरो कंपनी की मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी33 एमके 4687 एवं 3.एचएफ डीलक्स काले लाल रंग हीरो कंपनी जिसका इंजन नंवर HAvvEMJ~D09886 है जो चिरूला टोल दतिया वैरियर से दिनाँक 29.07.23 को चोरी की गई थी। एवं 4. एक हीरो कंपनी की काले रंग की स्पलेण्डर मोटरसाईकिल जिसका चैसिस नंवर ख्व्व10श्च्च॥16660 अंकित है। जिसको दतिया न्यायालय के पास से चोरी करना वताया है। जिन्हे आरोपीगण राजा उर्फ सन्नी पुत्र मायाराम यादव उम्र-19 साल निवासी खरग थाना जिगना जिला दतिया एवं आरोपी सुमित पुत्र परसुराम यादव उम्र-24 साल निवासी खरग थाना जिगना जिला दतिया के कब्जे से वरामद किया गया है। उक्त चारो मोटरसाईकिलों की कीमत लगभग 02 लाख रूपये एवं एक विद्धुत मोटर पंप सीआरआई कंपनी का आरोपी महेश लोधी पुत्र विनोद लोधी उम्र-23 साल ,अर्जुन लोधी पुत्र विनोद लोधी उम्र-25 साल निवासीगण डामरौन से चोरी गई पानी का पंप कीमत 20 हजार रूपये अपराध क्र0 188/23 धारा 379 भा0द0वि में आरोपीगणों के कव्जे से जप्त किया गया है। गिरफ्तारशुदा आरोपी से अन्य अपराध के संवंध में पूछताछ की जा रही है । दतिया जिले एवं शिवपुरी जिले के थाना प्रभारियों को पूछताछ हेतु सूचना दी गई है ।उक्त माल वरामदगी एवं आरोपीगणों की पतारसी कर गिरफ्तारी कराए जाने में थाना प्रभारी श्री संतोष भार्गव,सउनि विनोद गौतम.सउनि विवेक भट्ट,सउनि सोवरन सिंह सिसौदिया,सउनि योगेन्द्र सिंह राणा,प्र0आर0252 हिमांशू चतुर्वेदी,प्र0आर0276 रवि कुमार मांझी,प्र0आर0 498 अशोक तिवारी,प्र0आर0 401 सेवाराम पाण्डे, आर0678 जितेन्द्र रावत,आर0726 रामपाल जाट,आर0 174 अरविंद मांझी,आर0425 धर्मेन्द्र लोधी,आर0 175 रमाशंकर मांझी,आर0 240 पीकेश कुमार,आर0169 पुष्पेन्द्र चौहान,आर0778 रामवीर पाल,आर0 747 मनोज यादव,आर0चालक554अमित यादव,आर0 903 आशीष शर्मा,आर0चालक777 मनीष गोस्वामी,सैनिक 276 धर्मपाल,सैनिक218 हरीराम की सराहनीय भूमिका रही है ।




## पुलिस ने 11 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया ,अति.पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया ,एसडीओपी संजय चतुर्वेदी के निर्देश पर



पुष्पांजलि टुडे
जिला ब्यूरो राजेश नरवरिया

करैरा (शिवपुरी)थाना प्रभारी करैरा सुरेश शर्मा ने माननीय न्यायालय करैरा के प्रकरण क्रमांक 727/2012 में 11 वर्ष सेफरार चल रहे स्थाई वारंटी रमेश बघेल पुत्र भैया लाल बघेल उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम चंदपठा थाना करैरा जिला शिवपुरी कोनगर निरीक्षक सुरेश शर्मा के निर्देशन में आज गिरफ्तार कर आज करैरा न्यायालय में पेश किया गया गिरफ्तार करने वाले नगर निरीक्षक सुरेश शर्मा स उ नि सतीश जयन्त स उ निरी संजय भगत प्रआर मोहन सिंह ,प्रधान आर हिमाचल रावत, की सराहनीय भूमिका रही !

## सभी राजनीतिक दलों से आगामी चुनाव में 5 से 10त टिकट जैन अभ्यर्थियों को देने की मांग

इंदौर (मनोज नायक) रविवार को रविंद्र नाट्य ग्रह में संपन्न जैन राजनैतिक चेतना मंच मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय अधिवेशन मैं देश प्रदेश के विभिन्न शहरों से आए दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन समाज की राष्ट्रीय संस्थाओं के सभी पदाधिकारियों एवं राजनीति में सक्रिय जैनसमाज के प्रतिनिधियो ने विचार व्यक्त करते हुए जैन समाज का राजनीति, संगठन, शासन-प्रशासन एवं लोकसभा एवं विधानसभाओं में प्रभाव, प्रभुत्व एवं प्रतिनिधित्व बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की। मुख्य अतिथि जैन इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन(जीओ) केअध्यक्षश्री घेवरचंद जैन बोहरा थे एवं अध्यक्षता जैन राजनैतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज जैन गंगवाल ने की। दो सत्रों में संपन्न अधिवेशन में एक अपील का प्रारूप सर्वसम्मति से पारित किया गया

# वन विभाग और राजस्व विभाग की उदासीनता लाखों रुपए के पेड़ हुए गायब

-दैनिक पुष्पांजली टुडे
संवाददाता जितेंद्र राय-

**मुंगावली** कुरवाई मुंगावली चंदेरी नेशनल हाईवे 346 पर रोड निर्माण कर रही कंपनी आरजी बिल्डवेल इंजिनियर्स प्राइवेट लिमिटेड गाजियाबाद के पेटी कांट्रेक्टर जेड वर्क द्वारा रोड के किनारे लगे बहुमूल्य पेड़ पौधों की कटाई चालू है और बिक्री कर परिवहन भी हो रहे हैं जिसकी जानकारी वन विभाग और राजस्व विभाग दोनों इन पेड़ों की कटाई से अनजान बने हुए हैं दोनों विभागों की उदासीनता के चलते लाखों रुपए मूल्य के पेड़ कटकर परिवहन हो चुके हैं ऐसा नहीं है कि वन विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को यह जानकारी नहीं है की रोड के किनारे लगे पौधे कटकर परिवहन हो रहे हैं लगता है कि ठेकेदार द्वारा सिर्फ पुलिस सूचना पत्र देकर समझ लेते हैं जब रोड प्रोजेक्टर मैनेजर से बात की गई तो उन्होंने बताया की थाने में आवेदन एफआईआर करवाइए है और एक ट्रैक्टर को भी जप्त करवाया है सहराई के कुछ ग्रामीण परेशान कर रहे थे और रोड किनारे लगे पेड किसानों द्वारा अपने घर में ले जा रहे हैं जिससे परेशान होकर एफआईआर करवाने कर्मचारियों को भेजा है लेकिन जब थाने में पता किया गया तो पहले तो आवेदन का ही मना कर रहे थे कि यहां कोई आवेदन नहीं आया है और ना ही कोई एफआईआर हुई है इससे एहसास होता है कि ठेकेदार और ग्रामीणों के बीच मामला संदिग्ध के घेरे में लाता है क्योंकि ठेकेदार द्वारा एफआईआर करना कहा जाता है जब थाने में पता किया जाता है कि क्या ऐसा कुछ मामला है तो थाने वाले मना करते और लाखों रुपए मूल्य की पेड़ों की लकड़ी परिवहन हो चुकी है अब वही रोड के किनारे देखा जाए तो पेड़ गायब हो चुके है और कटी हुई डालियां ही नजर आ रही है लग भग 850 पौधे की कटाई होना है जो एक निर्धारित स्थान पर एकत्रित करके नीलाम किया जाना है रोड के किनारे लगे सैकड़ों वृक्ष ठेकेदार के द्वारा काटे तो जा रहे हैं लेकिन वही ठेकेदार उन बहुमूल्य इमारती लकड़ी को शासन द्वारा निर्धारित चयन स्थान पर एकत्रित करने में असहाय नजर आ रहा है सहराई चौकी के पास रोड किनारे पर लगे वृक्ष काटे तो गए



लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा उन वृक्षों की कीमती लकड़ी को ठेकेदार को उठाने नहीं दिया और वही आरजी बिल्ड बेल कंपनी के अधिकारी के द्वारा थाने में सूचना पत्र दिया गया कि यह शासकीय पेड़ शासन की चयन स्थान पर सुरक्षित करना है लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा यह इमारती लकड़ी ले जाने में असमर्थ जताई है अब देखा यह जाएगा की रोड के किनारे लगे लाखों रुपए की बहुमूल्य लकड्यिां एकत्रित होकर नीलाम हो सकेंगी या ऐसे ही लुटती रहेगी और प्रशासन सिर्फ आवेदन लेकर किसी पर कोई कठोर कार्रवाई कर अपनी कार्यशैली की क्षमता दिखा सकेगा है

**इनका कहना**

**स्टेट हाईवे 346 के किनारे लगे पेड़ों की कटाई की जा रही है और उनको नियत स्थान पर नहीं ले जा रहे हैं तो दिखावा कर जिस कंपनी द्वारा पेड़ों की कटाई की जा रही है उस कंपनी पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी**

**।वरुण अबस्थी एसडीएम मुंगावली**

# जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी ने प्रति महा एक फ्री मेडिकल हेल्थ चेकउप कैम्प हर वार्ड में लगाने का लिया संकल्प: समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया

शहर की अग्रणीय सामाजिक संस्था ÷जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी जिसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करना है इसको सफल बनाने के लिए संस्था एक संकल्प सम्पूर्ण आहार,सम्पूर्ण स्वास्थ, सम्पूर्ण शिक्षा को अपना आधार मान कर कार्य कर रही है , हर व्यक्ति को भोजन मिले इसके लिए संस्था परिवार में कार्य करने योग्य व्यक्ति को रोजगार अथवा स्वरोजगार दिलवाकर एक साथ दोनों ÷भोजन एवं व्यवसाय÷ का प्रवंधन करवाना सोसाइटी की मुख्य प्राथमिकता है इसके साथ साथ हर व्यक्ति को उचित स्वास्थ लाभ मिले इसके लिए सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों से मिलकर सोसाइटी के सदस्य 1-500 रुपये तक यदि बहार से कोई दबाई लानी है तो उसके लिए मदद करते है ताकि मरीज एक छोटे से मूल्य के लिए अपनी जान न गवाए . इस सबको ध्यान में रखते हुए सोसाइटी प्रति महा एक फ्री मेडिकल हेल्थ चेकउप कैंप लगवायेगी यह निर्णय सोसाइटी की वरिष्ठ मीटिंग में लिया गया जिसमे मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया, राष्ट्रीय संरक्षक जगमोहन सक्सेना,राष्ट्रीय सलाहकार अशोक शर्मा ,वरिष्ठ जिला अध्यक्ष नितिन सिंह कुशवाह ,जिला उपाध्यक्ष विनोद माहोर मीडिया प्रभारी अजय पोशिया , महिला विंग में राष्ट्रीय कोषा अध्यक्ष अंजू भदौरिया , महिला जिला अध्यक्ष रानू शर्मा , महिला जिला उपाध्यक्ष रेनू चौहान

# पुलिस अधीक्षक व पत्रकारों के बीच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार का विदाई समारोह सम्पन्न

## भिण्ड से बहुत कुछ मिला जिसका बखान शब्दों से करना मुश्किल

**उमाकान्त शर्मा**
**पुष्पांजली टुडे भिण्ड**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ब? पैमाने पर प्रशासनिक एवं पुलिस प्रशासन के तबादले किये जा रहे हैं।जिला भिण्ड में भी ब? स्तर पर पुलिस अधिकारियों के तबादले किये गए हैं,जिनमें कुछ अधिकारियों ने अपने कार्यशैली से आमजनता के



बीच एक अच्छी छवि बनाई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे ने अपने ढाई बर्ष के कार्यकाल के दौरान कई गम्भीर प्रकरणों को बहुत ही अच्छे से निराकरण किया।श्री खरपुसे का पुलिस विभाग, आमजनता एवं मीडिया के साथ अच्छा तालमेल रहा,जिस कारण एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे की निर्विवाद अधिकारी के रूप में पहचान बनी।खरपुसे जी ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आमजन के बीच अच्छी छवि बनाई।इस पर पुलिस अधीक्षक और मीडिया के लोगों ने ऐसे होनहार,निष्पक्षता के साथ कार्य करने वाले सक्षम होनहार एएसपी के सम्मान में पुलिस कंट्रोल रूम में विदाई समारोह रखकर पुलिस अधीक्षक महोदय और सभी पत्रकारों ने पुष्प माला पहनाकर विदाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

# मौ नगर की जन समस्याओं को लेकर विधायक प्रतिनिधि के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन



**उप संपादक महेंद्र शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

मौ नगर की जन समस्याओं को लेकर नगर परिषद मौ विधायक प्रतिनिधि संजीव यादव ने श्रीमान कलेक्टर महोदय के नाम तहसीलदार मौ ज्ञापन सौंपा अगर जन समस्याओं का 1 सप्ताह के अंदर निराकरण नहीं होता हुआ तो कांग्रेस बैनर तले नगर परिषद मौ का घेराव कर तालाबंदी की जाएगी एवं अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस नेता रणवीर सिंह यादव, एडवोकेट तिलक राजोरिया, राजीव कौशिक जी, सोनपाल यादव पार्षद, रवि कुशवाहजागेश यादव अवधेश प्रजापति, मनोहर सिंह गौर, इकबाल खान, इरशाद खान आदि,

# युवा भारत नेतृत्व शिविर में अंशु त्यागी और अर्पित करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व...

**केशब पंडित जी**
**अम्बाह...**



अम्बाह... अंबाह पीजी कॉलेज बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अंशु त्यागी एवं अर्पित तोमर 15 सितंबर से 24 सितंबर तक कन्याकुमारी में आयोजित होने वाले युवा भारत नेतृत्व शिविर में मुरैना जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे । यहां शिविर विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी मध्य प्रांत द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में स्वयंसेवकों का चयन प्रतियोगी परीक्षा के उपरांत हुआ है। इससे पूर्व 30 अक्टूबर 2022 से 2 नवंबर 2022 तक भोपाल में आयोजित युवा भारत में नेतृत्व शिविर में रासेयो के दोनों स्वयंसेवकों ने भागीदारी की थी तभी इस शिविर के लिए इनका चयन कन्याकुमारी में आयोजित युवा भारत नेतृत्व शिविर के लिए हुआ था।इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विश्वास मेढेकर राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ शशि बल्लभ शर्मा एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रक्षा कम्ठान डॉ.पूर्णिमा अग्रवाल पंकज भदौरिया ने बधाई दी

# हत्या का प्रयास करने वाले एवं लूट करने वाले अज्ञात आरोपी को मय हथियार ग्राम हरीक्षा के पास से किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं एसडीओपी मेहगावं आर.के.एस. राठौर के मार्ग दर्शन में गम्भीर अपराध घटित करने वाले आरोपियो की धरपकड अभियान के तहत थाना गोरमी पुलिस ने कुशुम फिलिंग पेटोल पम्प गोरमी से पैसा लूटकर गोली मारने वाले हत्या का प्रयास करने वाले अज्ञात तीन आरोपियों में से एक आरोपी को मय हथियार 315 बोर का कट्टा व जिंदा राउण्ड व लूटी गई रकम हिस्से की 5000 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन मोटर सायकिल पल्सर के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।दिनांक 06/08/23 को थाना गोरमी के अन्तर्गत कुशुम फिलिंग पैट्रोल पम्प गोरमी में समय करीब 07 बजे पल्सर मोटर सायकिल से आये तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा कैबिन में कैसियर से पिस्टल से गोली मार कर रुपये लूट लिये एवं मोटर सायकिल से ग्राम दोनियापुरा तरफ भाग गये। फरियादी आसीन खाँ की रिपोर्ट पर थाना गोरमी पर अपराध क0 219 / 23 धारा 307,394,34 भादवि 11 / 13 एमपीडीपीके एक्ट कायम किया गया।घटना की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना गोरमी एवं सायवर सेल की सयुंक्त टीम को तत्काल आरोपीगणो की पतारशी कर गिरफ्तार हेतु निर्देशित किया गया तभी मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि अज्ञात लूटेरे मोटर सायकिल से ग्राम सुनारपुरा चौराहे से ग्राम हरीक्षा तरफ जा रहे है सूचना पर से हमराही बल के द्वारा ग्राम हरीक्षा से पहले मोड़ पर चैकिंग लगायी गयी तथा कुछ देर बाद एक मोटर सायकिल पल्सर पर तीन व्यक्ति आते हुये दिखाई दिये पुलिस टीम को देखकर मोटर सायकिल छोडकर भागने लगे उनका पीछा कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया जिसने घटना करना स्वीकर किया एवं उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर लूट के हिस्से के 5000 रुपये एवं एक कट्टा 315 बोर मय जिन्दा राउण्ड के बरामद किया गया तथा अन्य दो बदमाश रात के अन्धेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहे जिनकी पुलिस टीम द्वारा लगातार तलाश की जा रही है। जप्त मशरूका का विवरण- एक कट्टा 315 बोर,एक जिन्दा राण्ड 315 बोर,घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल (पल्सर ब्लेक), लूटी गयी रकम का 5000 रुपये।उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी गोरमी निरीक्षक बृजेन्द्र सेंगर,थाना प्रभारी असबार उपनिरीक्षक वैभव तोमर, मनीराम नादिर, सायवर सेल उपनिरीक्षक दीपेन्द्र यादव,एसआई शिवप्रताप राजावत,सहायक उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह,पूरन सिंह बघेल,प्रधान आरक्षक कोशलेन्द्र, मनीष,आरक्षक पंकज , रविन्द्र मुनेश सेंगर,योगेन्द्र, शेर सिंह, उमेश, आरक्षक चालक अमृत तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## महाविद्यालय भविष्य की संभावनाओं को गढ़ने वाला मंदिर है: उच्च शिक्षा मंत्री डॉ यादव

# शास. एम.जे.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिण्ड में 3.87 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा विकास




पर्व अंतर्गत शासकीय एम.जे.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिण्ड में विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत 3.87 करोड़ की लागत से निर्मित 06 अतिरिक्त कक्षों एवं साईकिल स्टैण्ड का लोकार्पण किया गया।इस दौरान बीज विकास निगम पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव,स्थानीय प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह नरवरिया, कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव, एसपी मनीष खत्री सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि शिक्षा संपूर्ण समाज में मानवतावाद की स्थापना में सहायक है। उच्च शिक्षा से छात्र-छात्राओं जीवन में उच्चतम स्तर पर पहुंचने के लिए अच्छा प्लेटफार्म मिलता है ।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई शिक्षा नीति लागू कर युवाओं को रूचि के अनुरूप शिक्षा ग्रहण करने के अवसर प्रदान किए हैं जिससे शिक्षित होकर वद्यार्थी देश ,समाज और स्वयं को आत्मनिर्भर बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय भविष्य की संभावनाओं को गढ़ने वाला मंदिर है क्योंकि यहाँ से शिक्षा लेकर छात्र-छात्राएं स्वाबलंबी बनते हुए विदेश, देश और प्रदेश में सफलता का परचम लहराने में सक्षम होते हैं। मंत्री श्री यादव ने कहा की दुनिया में भारत ही एक मात्र देश है जो मातृ सत्ता को गौरव और गरिमा के साथ स्थापित करता है। भारतीय कुटुंब और परिवार की विशेषता है कि एक परिवार में सभी सदस्य सामूहिक भाव से लेकर साथ चलने की परंपरा का निर्वाह करते हैं। इसलिए हम भारतवासी दुनिया में प्रगति करते हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हमारी वैभवशाली परंपरा में वैभवशाली इतिहास का परिचय कराते विविध विषयों को समाहित किया गया है ताकि नई शिक्षा नीति शिक्षा के संस्थानों को मंदिर बनाए और शिक्षा व्यवहारिक रूप से फलदाई हो।उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। देश के भविष्य को स्वर्णिम बनाने के लिए नालंदा, तक्षशिला जैसे संस्थान बनाने में हम प्रयास करेंगे जिससे भारत पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने किशोरी पब्लिक स्कूल भिण्ड में हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले यादव समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# भिण्ड पुलिस ने अवैध हथियार तस्कर से पकड़ी हथियारों की बड़ी खेप

## एसपी मनीष खत्री ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया खुलासा

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन पर आगामी चुनाव -2023 को दृष्टिगत रखते हुये अवैध हथियारो एवं गुंडा, बदमाशों की धरपकड हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था।इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लहार निरीक्षक वरुण तिवारी को थाना क्षेत्र थाना लहार के अन्तर्गत दिनांक 05/08/2023 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि एक हथियार तस्कर ग्राम सुन्दरपुरा मोड के पास एक व्यक्ति एक प्लास्टिक की बोरी में अवैध कट्टे लिये कहीं बेचने की फिराक में खड़ा है, उक्त सूचना के सम्बन्ध में थाना प्रभारी लहार द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा एक पुलिस टीम बनाकर मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर तत्काल रवाना हुये मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान ग्राम सुन्दरपुरा मोड पर जाकर देखा तो बताये गये हुलिये का एक व्यक्ति एक



प्लास्टिक का बोरी लिये खड़ा था जो पुलिस टीम को आता देख भागने लगा जिस पर से पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को चारों तरफ से घेराबन्दी कर पकड़ लिया गया तथा प्लास्टिक की बोरी की तलाशी लेने पर लोहे के बने देशी 12 कट्टे 315 बोर तथा 02 जिन्दा राउण्ड 315 बोर के मिले। उक्त सम्बन्ध में थाना लहार में अप क्र. 190/ 23 धारा 25 (1-बी). (ए). आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।उक्त सम्बन्ध मे आरोपी से पूछताछ की गयी तो आरोपी द्वारा बताया गया कि उक्त कट्टे बेचने के लिये लाया था तथा आरोपी पूर्व में भी थाना मेहगांव के 12 पिस्टल के 25, 27 आर्म्स एक्ट के अपराध क्र. 01/23 में भी फरार चल रहा था आरोपी ग्वालियर चम्बल अंचल तथा आसपास सीमावर्ती राज्यों में कई अवैध हथियारों को खपा चुका है,आरोपी शतिर किस्म का है। आरोपी से पूछताछ जारी है जिसमें और भी खुलासे होने की सम्भावना है।

जप्त मशरूका का विवरण- 315 बोर के 12 देशी कट्टे,राउण्ड 315 बोर की 02 जिन्दा,एक प्लास्टिक की बोरीकुल मशरुका कीमती 70 हजार रुपये ।उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी लहार निरीक्षक वरुण तिवारी, थाना प्रभारी असबार उपनिरीक्षक वैभव तोमर,सायवर सेल उपनिरीक्षक दीपेन्द्र यादव,शिवप्रताप राजावत, सहायक उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह,प्रमाशंकर उपाध्याय,प्रधान आरक्षक प्रमोद पाराशर,महेश कुमार, सतेन्द्र यादव,रामराज गुर्जर,राजेन्द्र सिंह, आरक्षक आनन्द दीक्षित,यतेन्द्र सिंह राजावत,राहुल यादव,शैलेन्द्र राजावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# जयंतीजी ठाकोर ने राज्य स्तरीय योग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

**निल कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**पाटन।** गुजरात योग चैंपियनशिप 2023 का आयोजन अहमदाबाद के श्री लोहाना विद्यार्थी भवन में किया गया। 35 से 40 आयु वर्ग में, पाटन जिले के सान्तलपुर तालुका के झान्ज़नसर गांव के निवासी और प्राथमिक विद्यालयों में सी.आर.सी के रूप में कार्यरत ठाकोर जयंतीजी मुलजिजी ने स्वर्ण पदक जीता और पूरे पाटन जिले का नाम रोशन किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के योग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की अध्यक्ष मिस. वु होंग येन और नेशनल योग स्पोर्ट्स फाउंडेशन के महासचिव डॉ. शिवम मिश्रा द्वारा अवार्ड प्रदान किया गया। इसके साथ ही योगा स्पोर्ट्स फाउंडेशन गुजरात के चेयरमैन महमूद कुरेशी और महासचिव दीपकभाई सुथार द्वारा पूरी चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया.

## एसडीएम कार्यालय जाकर राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन राष्ट्रीय सचिव ने सौंपा ज्ञापन

# राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे ने ग्राम पंचायत मंत्री किशोर यादव के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

**खरगोन।**एक तरफ मुख्यमंत्री कहते हैं कि संबल योजना का लाभ सभी को मिले, लेकिन कर्मचारियों के द्वारा गांवों में संबल योजना का लाभ नहीं मिल रहा हैं। एक ऐसा ही मामला ग्राम रेटवा का हैं। जिससे राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा के नाराज पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, और ग्राम पंचायत मंत्री किशोर यादव के ऊपर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग करें, राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे ने कहा हैं कि उमाबाई पति भगवानसिंग की मृत्यु दिनांक 16/01/2023 को हों गईं थीं, और उसके 8 से 15 रोज में संबल योजना के लिए फाइल ग्राम पंचायत में जमा की गईं थीं, लेकिन ग्राम पंचायत मंत्री किशोर यादव के द्वारा फाइल जनपद पंचायत में जमा करना था, लेकिन मंत्री किशोर यादव फाइल जमा नहीं करें और 7 महीने से फाइल झोले में लेकर घूम रहा हैं, जिससे राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे अत्यधिक नाराज हुए, और राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे ने एक बड़ी बात कह डाली की मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर महोदय को मंत्री किशोर यादव के विरुद्ध ज्ञापन दिया जाएगा, और इसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही जल्द से जल्द करने की मांग करेंगे, और मृतक के परिजन को संबल योजना का लाभ जल्द से जल्द मिले। जहां पर उपस्थित राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे , रमेश कवासे, दिलीप कवासे, अर्जुन मोरे, दरबार कछवाहे सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। इस समस्या को लेकर गोगांवा जनपद पंचायत सिईओ पवन शर्मा को अवगत कराया उन्होंने बताया गया की इस मामले को मे दिखावाता हु

# भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूँजा ,नर्मदा किनारे ग्यारह शिवलिंगी महादेव आश्रम ,गौपूजन से प्रारंभ हुई छः दिवसीय आस्था यात्रा का कठोरा में हुआ समापन

## अरूण यादव और सचिन यादव ने भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक कर,नर्मदा मैया का पंचामृत से किया पूजन, अभिषेक और आरती

**,खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

**खरगोन** आज सोमवार को भगवान शिव भक्ति से ओतप्रोत रही छः दिवसीय 92 किमी की पदयात्रा वाली आस्था यात्रा के समापन पर नर्मदा नदी के किनारे कठोरा के ग्यारह शिवलिंगी महादेव आश्रम पहुॅचने पर भगवान भोलेनाथ के जयकारों से आसमान गूॅज उठा । नर्मदे-हर और हर-हर महादेव के साथ भगवान भोलेनाथ के जयकारे के साथ प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री रहे कसरावद के विधायक सचिन यादव और पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नर्मदा मैया का पूजन और दुग्धाभिषेक किया । भगवान भोलेनाथ का पंचामृत के साथ जलाभिषेक और रूद्राभिषेक किया । अरूण यादव और सचिन यादव के साथ सभी आस्था यात्रियों ने भगवान शिव और नर्मदा की स्तुति भी की । अरूण यादव और सचिन यादव ने भगवान भोलेनाथ और नर्मदा मैया से देश, प्रदेश और निमा? अंचल के लोक कल्याण, समृद्धि, खुशहाली और भाईचारे को बनाये रखने के लिए प्रार्थना की । इसके पूर्व भोईन्दा से त्रिवेणी पूजन और रोपण के बाद गौपूजन कर सचिन यादव और अरूण यादव ने गौमाता के जयकारों के साथ आस्था यात्रा की शुरूआत की । इस अवसर पर उन्होनें अपने पिताश्री स्व. सुभाष यादव के फोटो पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण भी किया ।



स्नेह, सम्मान और सुभाशीष के लिए रहेंगें जीवन भर ऋणी सचिन यादव ने कहा कि बेहतर कल के लिए प्रकृति का संवर्धन और संरक्षण का ध्येय और संदेश लेकर निकली इस आस्था यात्रा के दौरान हमने आने वाले सभी 37 गॉवों में 51 त्रिवेणी का रोपण कर वृक्षारोपण भी किया । उत्साह से लबरेज अरूण यादव ने आस्था यात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ की 6 दिवसीय भक्ति में निमा? और मालवा अंचल के साथ ही प्रदेश भर से आये शिवभक्तों ने आस्था यात्रा में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाया । ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक हम सभी का जो सम्मान और स्वागत किया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता । इन छह दिनों में आस्था यात्रा में पारिवारिक माहौल बना रहा । हजारों लोगों और महिलाओं ने स्वागत कर हमें स्नेह, सम्मान और सुभाशीष प्रदान किया । इसके लिए हम इन सभी के जीवन भर ऋणी रहेगें । श्री यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि हम मॉ नर्मदा नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने की दिशा में भी प्रयास करेंगें । अगले वर्ष आस्था यात्रा निकालने का लिया संकल्पास्था यात्रा की सफलता से उत्साहित और आनंदित होकर सचिन यादव ने घोषणा की कि अगले वर्ष पुनः हम श्रावण मास में कसरावद विधानसभा क्षेत्र के गॉवों से आस्था यात्रा निकालेंगें । उन्होंने सभी आस्था यात्रियों को आगामी नवरात्रि में निकाली जाने वाली चुनरी यात्रा में भी शामिल होने का न्योता दिया । भोईन्दा और कठोरा में अरूण यादव और सचिन यादव के साथ आस्था यात्रियों का पुष्पवर्षा कर ऐतिहासिक स्वागत किया गया । कठोरा में कालूराम केवट द्वारा सचिन यादव का केले से तुलादान भी किया गया । ग्यारह शिवलिंगी आश्रम कठोरा में संतश्री दयानंद जी ने दोनों भाईयों और आस्था यात्रियों का स्वागत कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया गया ।

**गले से लगाकर भाव विव्हल होकर दी बिदाई और किया आभार व्यक्त**-अरूण यादव और सचिन यादव ने विगत 6 दिनों से लगातार साथ चल रहे सभी आस्था यात्रियों के प्रति आभार प्रकट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । दोनों भाईयों ने सभी आस्था यात्रियों को कठोरा में स्नेहभोज कराकर भाव विव्हल होकर बिदाई दी । दोनों भाई आस्था यात्रियों से गले भी मिले । उल्लेखनीय है कि प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री रहे विधायक सचिन यादव के संयोजकत्व में अरूण यादव के साथ निकली यह छह दिवसीय आस्था यात्रा दिनांक 2 अगस्त को पौराणिक स्थल सगूर भगूर से प्रारंभ हुई थी । कसरावद विधानसभा क्षेत्र के 37 गॉवों से 92 किमी का पैदल सफर करने के बाद इस आस्था यात्रा का नर्मदा किनारे कठोरा में समापन हुआ ।

संपादकीय

# नफरती बोल

ये विचित्र बात है कि जिन विषम परिस्थितियों में सरकारों को जिम्मेदार व जवाबदेह भूमिका निभानी चाहिए, उसमें वे असहाय नजर आती हैं। हर बार इसके लिये देश की शीर्ष अदालत को निर्देश देने पड़ रहे हैं। राज्य व देश में स्थितियां शांतिपूर्ण रहें और सार्वजनिक जीवन उपद्रवमुक्त हो, यह सरकारों का पहला कर्तव्य होना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता तो विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका पर सवाल उठना लाजिमी है। हरियाणा के नूंह व अन्य स्थानों पर हुई हिंसा के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत हरियाणा, उत्तर प्रदेश व दिल्ली की सरकारों को निर्देश दिये हैं कि घटनाओं के विरोध में होने वाले विरोध प्रदर्शन के दौरान सुनिश्चित किया जाये कि नफरती भाषण न होने पाएं। कोर्ट का मानना है कि विरोध प्रदर्शन और अपनी बात कहना हर नागरिक का हक है, लेकिन सीमाओं का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को भी कहा। साथ ही प्रदर्शन के दौरान वीडियोग्राफी करने के भी निर्देश दिये हैं ताकि उपद्रव करने वालों की शिनाख्त की जा सके। निस्संदेह, दोषियों को सजा दिलाने के लिये तथ्यों का प्रमाणीकरण बेहद जरूरी है। बदलते वक्त के साथ तकनीक के इस्तेमाल से हम अपराधियों की शिनाख्त बेहतर ढंग से कर सकते हैं। इस बात का ध्यान तो खुद पुलिस–प्रशासन के अधिकारियों को रखना ही चाहिए। इसके लिये हर बार कोर्ट की तरफ से निर्देश देने की जरूरत क्यों पड़ती है, यह तथ्य विचारणीय है। जाहिर है कानून व्यवस्था को बनाये रखना पुलिस व प्रशासन का विभागीय व नैतिक दायित्व भी है। एक तरह से जुलूस व प्रदर्शनों के जरिये आमतौर पर शक्ति प्रदर्शन ही किया जाता रहा है। लेकिन चिंता की बात यह है कि कालांतर में यह सब–कुछ अराजक तत्वों के हाथों में चला जाता है। फिर एक समय स्थिति इतनी विकट हो जाती है कि पुलिस–प्रशासन भी लाचार नजर आता है। जैसा कि नूंह में हुई हिंसा के बाद पुलिस अपना ही बचाव करती नजर आई। निश्चित रूप से किसी भी समाज में हिंसा किसी मकसद का विकल्प नहीं हो सकती। ऐसे मौकों पर जनप्रतिनिधियों की जो महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए, वो अक्सर नजर नहीं आती। पुलिस को पहले से ही ऐसे प्रदर्शनों पर कड़ी निगाह रखनी चाहिए, तकनीक के जरिये उपद्रवियों की पहचान सुनिश्चित करनी चाहिए। सुरक्षा बलों की संख्या उपस्थित भीड़ की स्थिति देखकर तय की जानी चाहिए। विश्वास किया जाना चाहिए कि सुप्रीमकोर्ट के निर्देश के बाद अधिकारी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वाह करेंगे। वहीं दूसरी ओर यह सवाल भी उठता है कि आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बाद भी लोग इतने विवेकशील क्यों नहीं बन पाए हैं कि वे आसानी से नफरती बोलों के फेर में फंस जाते हैं? क्यों वे अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं करते हैं कि उनकी प्रतिक्रिया का समाज व देश पर क्या असर पड़ेगा? क्यों उन्हें अहसास नहीं होता है कि भड़काऊ बयानों से उन्हें भड़काकर राजनीतिक स्वार्थसिद्धि का उपक्रम जारी है। आज के दौर में जब कोरोना संकट से उबरे देश में रोजी–रोटी के संघर्ष जटिल हो गये हैं, हम क्यों इन संकीर्णताओं में उलझकर अपना व देश का नुकसान कर रहे हैं। लोगों को यह भी समझ में आना चाहिए कि हिंसा–नफरत का जवाब हिंसा–नफरत से नहीं दिया जा सकता। समाज में शांति व सद्भाव की स्थापना जहां हर नागरिक का दायित्व है, वहीं उसके विकास के लिये भी जरूरी है। यह हमारे नागरिक कर्तव्यों में शामिल भी है। साथ ही ये हमारा नैतिक दायित्व भी है। हमारा यह दायित्व हर धर्म के नेता व राजनेता के विषैले बोलों के विरुद्ध होना चाहिए। अक्सर ऐसा भी होता है कि कई घातक बयान, जो मीडिया की सुर्खी नहीं बनते, वे अक्सर नजरअंदाज कर दिये जाते हैं। ऐसे किसी भी अभिव्यक्ति का अतिक्रमण करने वाले बयान का नोटिस लेकर शासन प्रशासन को स्वतरू कार्रवाई करनी चाहिए। अब चाहे वह व्यक्ति किसी भी धार्मिक समूह या वैचारिक समूह का अगुवा क्यों न हो। कोर्ट, पुलिस–प्रशासन व सरकार से पहले यदि हम अपने नागरिक दायित्वों का निर्वहन करें तो हर जहरीले बोल नाकाम हो जाएंगे।

# ट्रंप का राजनीतिक भविष्य

**आदित्य नारायण**

> *अधिकारियों ने गवाही दी है कि ट्रंप ने व्यापक मतदान धोखाधड़ी के झूठे दावों के आधार पर उन पर दबाव डाला और कांग्रेस को बाइडेन की जीत को प्रमाणित करने से रोकने के लिए उनके समर्थकों ने 6 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल पर हमला किया।*

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चार महीनों में तीसरी बार आपराधिक आरोप लगे हैं। इस बार यह आरोप लगा है कि उन्होंने 2020 के अमेरिकी चुनाव के परिणाम को पलटने की कोशिश की थी। यह आरोप विशेष वकील जैकस्मिथ के उन आरोपों की जांच से उपजे हैं जो यह दर्शाते हैं कि ट्रंप ने डैमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन से अपनी हार को उलटने की कोशिश की थी। अधिकारियों ने गवाही दी है कि ट्रंप ने व्यापक मतदान धोखाधड़ी के झूठे दावों के आधार पर उन पर दबाव डाला और कांग्रेस को बाइडेन की जीत को प्रमाणित करने से रोकने के लिए उनके समर्थकों ने 6 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल पर हमला किया। ट्रंप पहले ही आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बन चुके हैं। यद्यपि इन आरोपों को ट्रंप ने राजनीति से प्रेरित बताया है और कहा कि जैकस्मिथ विक्षिप्त हो चुके हैं और उन्होंने एक और फर्जी अभियोग लगाया है। आरोपों के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप अगले राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के नामांकन की रेस में सबसे आगे हैं। अब सवाल यह है धकि क्या आपराध्धक मामले उनके पुनः राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के सपने को तोड़ सकते हैं या नहीं? इससे पहले उन पर गोपनीय दस्तावेज अपने पास रखने, पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स मामले में दिए गए धन को छुपाने के आरोप लग चुके हैं। उन पर ई.जीन कैरल नाम की एक स्तम्भकार ने केस दायर कर ट्रंप पर रेप और उसे सार्वजनिक तौर पर बदनाम करने का आरोप भी लगाया था। इस मामले में कोर्ट ने कैरल के बलात्कार के दावों को नहीं माना था, लेकिन उसका उत्पीड़न करने के मामले में ट्रंप पर 50 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया था। जस्टिस डिपार्टमेंट के हालिया अभियोग को मिलाकर अब ट्रंप 78 आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। ट्रंप खुद को बेगुनाह बता रहें हैं लेकिन अगर उन्हें दोषी ठहराया गया और फिर हर एक मामले के लिए उन्हें अधिकतम अवधि की सजा सुनाई गई तो ट्रंप को सैकड़ों वर्षों की जेल हो सकती है। हालांकि ऐसे मामले कम हैं, जब जजों ने अधिकतम सजा सुनाई है। इसके अलावा मुजरिमों को एक साथ कई मामलों में सजा काटने की अनुमति दे देते हैं यानी कि किसी मामले में दस साल की सजा हो और दूसरे किसी मामले में चार ही साल की सजा है तो इसकी सजा दस साल वाले में एडजस्ट करने की मंजूरी दी जा सकती है। डोनाल्ड ट्रंप को हो सकता है कि अधिकतम सजा न सुनाई जाए या उन्हें एक साथ कई मामलों में सजा काटने की अनुमति मिल जाए लेकिन आरोपों और सजाओं की लंबी सूची ट्रंप के कानूनी खतरे की गंभीरता को दिखाती है। इसके अलावा यह अमेरिका के सामने भी असाधारण स्थिति है जिसकी कमान एक बार फिर ट्रंप राष्ट्रपति के रूप में लेना चाहते हैं। अमेरिका में कोई शख्स अधिकतम दो बार राष्ट्रपति रह सकता है और ट्रंप एक बार राष्ट्रपति रह चुके हैं। उन्होंने दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए जो बाइडेन को कड़ी टक्कर दी लेकिन नाकाम रहे। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि दोषी ठहराए जाने के बावजूद ट्रंप को राष्ट्रपति बनने से रोका नहीं जा सकता। आरोपित होने के बावजूद सुनवाई में महीनों का समय लगेगा और ट्रंप तब तक आराम से प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। न्यूयार्क या फ्लोरिडा मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद भी ट्रंप के सामने चुनाव लड़ने में कोई बाधा नहीं आने वाली। अमेरिका के संविधान में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए किसी भी उम्मीदवार के लिए तीन योग्यताओं का होना अनिवार्य है। पहला उम्मीदवार अमेरिका का नागरिक होना चाहिए। उसकी उम्र कम से कम 35 साल हो और वह 14 सालों से अमेरिका में रह रहा हो। ऐसी कई कानूनी बाधाएं हैं जिससे किसी भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है, लेकिन वे ट्रंप पर लागू नहीं होती। अगर किसी को आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया जाता है तो वह वोट नहीं डाल सकता, लेकिन वह चुनाव लड़ सकता है। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या इन आरोपों से ट्रंप के प्रचार अभियान को नुक्सान पहुंचेगा या उन्हें फायदा होगा? ट्रंप राजनीतिक कौशल के मामले में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भारी पड़ते दिखाई देते हैं। आरोपों के बावजूद ट्रंप के चेहरे पर कोई शिकन नजर नहीं आ रही। ट्रंप के आलोचक और समर्थक उन्हें एक करिश्माई तेज तर्रार और कुशल राजनीतिक स्किल वाला इंसान मानते हैं। उनके बोलने का अलग स्टाइल और कई बार उनका बड़बोलापन उनके लिए ही तोहफा साबित होता है।

# गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा

**मनोज मिश्रा**

मेवात दंगों में झुलस रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के उस बयान को गैरजिम्मेदारी की पराकाष्ठा ही माना जायेगा जिसमें उन्होंने कहा है कि श्सरकार सभी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं ले सकती। प्रदेश की कानून–व्यवस्था के मामले में नाकाम और लाचार दिखलाई पड़ रहे श्री खट्टर का बयान उनकी जनसुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही को भी दर्शाता है जो राज्य के नागरिकों के प्रति बुनियादी कर्तव्य है। मुख्यमंत्री खट्टर ने बुधवार को साफ कहा कि श्इसके लिए हमें माहौल को सुधारना पड़ेगा। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस कर सकती है, न ही सेना कर सकती है। इसके लिए सामाजिक सद्भाव ठीक करना पड़ेगा।श्वे तो यहां तक कह गये कि श्किसी भी देश में आप चले जाएं हर आदमी की सुरक्षा वहां की पुलिस नहीं कर सकती पर इसके लिए वैसा माहौल बनाना पड़ता है। वैसे वे यह भूल गये कि सामाजिक सद्भाव को ठीक करना भी सरकार की ही जिम्मेदारी होती है। मुख्यमंत्री का बयान स्तब्धकारी तो है लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी की प्रशासन पद्धति के अनुरूप है जो हर अच्छी बात का श्रेय लेने में तो पीछे नहीं रहती परन्तु किसी भी असफलता से पल्ला झाड़ लेती है। पिछले 9 वर्षों से अधिक समय तक केन्द्र में सरकार चलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्भवतरू भाजपा प्रशासित सारे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिये प्रेरणा स्रोत हैं। देश के अपूर्ण लक्ष्यों के लिये अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को सभा–सम्मेलनों में दोषी ठहराने वाले मोदी अपनी नाकामियों पर या तो चुप्पी साध लेते हैं अथवा उनका ठीकरा विपक्ष पर फोड़ते हैं। भाजपा सरकार का एक दशक का इतिहास अनेकानेक असफलताओं की जिम्मेदारियों से भागने या उनका दोषी दूसरों को बताने का रहा है। इसी का अनुसरण भाजपा की राज्य सरकारें करती हैं। नोटबन्दी और जीएसटी जैसे अविवेकपूर्ण निर्णयों से हुई देश की बदहाली का उत्तरदायी कोई नहीं है। यहां तक कि यह निर्णय किस प्रक्रिया के तहत लिया गया, यह भी अब तक अज्ञात है। कोरोना काल में ऑक्सीजन, दवाओं, बिस्तरों के अभाव में हुई लाखों लोगों की मौत का उत्तरदायी कौन है, यह सवाल भी अब तक अनुत्तरित है। भाजपा की जिन राज्यों में सरकारें हैं वहां टूटती सड़कें और गिरते पुलों का जिम्मेदार कौन है, इसका जवाब ढूंढ़े से भी नहीं मिलेगा। उन राज्यों में होने वाली भगदड़ों से मरने वालों का जिम्मेदार भी कोई नहीं होता। भरी गर्मी में होने वाली आम सभाओं में दर्जनों लू से मर जाएं या बीमार हो जायें तो भी किसी व्यक्ति, अफसर, विधायक मंत्री या सरकार को दोषी नहीं ढहराया जा सकता क्योंकि यदि ऐसा किया भी गया तो बचाव में पूरी ट्रोल आर्मी उतर आती है। एक नहीं, सैकड़ों ऐसे मामले हो चुके हैं जिनमें दोषी या अपराधी सामने दिखता है परन्तु वह महफूज रहता है। इसका कारण यही है– उत्तरदायित्वहीनता। हाल की कुछ घटनाएं भी इसी गैर जिम्मेदाराना रवैये की मिसालें हैं। मणिपुर की बात करें तो यहां पिछले कुछ वर्षों से आग सुलग रही थी। कुकी एवं मैतेइयों के बीच चल रही हिंसक झड़पों को पूरी तरह से वहां की सरकार और केन्द्र ने नजरंदाज ही नहीं किया वरन एक पक्ष के साथ खड़े होकर आग को भड़कने दिया। वहां अल्पसंख्यक कुकी लोगों को मारा गया, चर्च जलाये गये परन्तु डबल इंजन की सरकार चुप रही। मामला पहले तो विदेश तक पहुंचा और जब अमेरिका में बड़ी मजबूरी में प्रेस के सामने गये मोदी से इस बाबत प्रश्न किये गये तो उन्होंने यह बताने की बजाय कि उनकी सरकार स्थिति को सुधारने के लिये क्या कर रही है, यह समझाते रहे कि लोकतंत्र भारत के डीएनए में है। उन्हें तो यह बतलाना चाहिये था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व विकास के लिये क्या कर रहा है। देश के इतिहास के भीषणतम दंगों में से एक कहे जाने वाले घटनाक्रम के दौरान का 4 मई का वह वीभत्स वीडियो जब देश–दुनिया के सामने आया तो भी राज्य या सरकार का कोई व्यक्ति सामने नहीं आया। वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने वैसे ही दिखावे का प्रकटीकरण करते हुए सार्वजनिक तौर पर अपना इस्तीफा दिया व प्रायोजित तरीके से एक समर्थक द्वारा फड़वाकर जेब में रख लिया, जैसे मोदी जी ने चलते सत्र में संसद के भीतर बयान देने की बजाय बाहर आकर 36 सेकंड का वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने अपने क्रोध व पीड़ा का इजहार किया था। उसके बाद से आज तक संसद बार–बार विपक्ष की इस मांग को लेकर ठहर रही है कि पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत चर्चा हो, लेकिन सत्ता दल इंकार कर रहा है और प्रधानमंत्री राजस्थान में सभाएं कर रहे हैं। तो गृह मंत्री अमित शाह भी बराबरी के जिम्मेदार हैं वे कानून–व्यवस्था सुधारने की बजाय मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में अगले चुनाव की तैयारी बैठकें कर रहे हैं। उलटे, संसद में गतिरोध के लिये भी वे मानते हैं कि विपक्ष ही जिम्मेदार है। अलबत्ता, जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं वहां एक चींटी भी मरे तो पूरी भाजपा, उनके समर्थक, मीडिया को क्षण भर में पता चल जाता है। तभी तो मणिपुर की घटनाओं की तुलना जब अन्य राज्यों से की गई तो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने केन्द्र को जमकर फटकार लगाई। वैसे केन्द्र की हो या भाजपा की राज्य सरकारें– उन्हें इन सबका रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता। इसलिये आश्चर्य नहीं होना चाहिये जब खट्टर जैसे सीएम साफ कर देते हैं कि सभी लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा सकती। यह दीगर बात है कि ये उन्हीं मोदी के सबसे विश्वासपात्र लोगों में से एक हैं जो पीएम बनने के पहले कहते थे कि श्मैं हर बात के लिये एकाउंटेबल रहूंगा। एक बच्चा भी मुझसे सवाल कर सकता है और मैं जवाब दूंगा।

## आज का राशिफल



मेष :– आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

वृषभ :– मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

मिथुन :– लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

कर्क :– कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

सिंह :– आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

कन्या :– आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

तुला :– व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

वृश्चिक :– आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

धनु :– आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

मकर :– व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख–शांति का वातावरण बना रहेगा।

कुंभ :– आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

मीन :– गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# हेट स्पीच को सहन मत करो

**–राजेश माहेश्वरी**

> *हम यह कैसे भूल जाते हैं कि इस हिंसा का मुख्य कारण एक ऐसा अपराधी सोनू मानेसर है जिस पर दो निरपराध मुस्लिम युवकों को जिन्दा जला देने का गंभीर आरोप है।*

सर्वोच्च न्यायालय का केन्द्र व राज्य सरकारों को यह निर्देश कि नफरती बयानों या दो समुदायों के बीच घृणा फैलाने वाले वक्तव्यों पर यथोचित कानूनी कार्रवाई की जाये और विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की रैलियों पर वीडियो निगरानी रखते हुए पुलिस व सुरक्षा बलों की तैनाती की जाये पूर्णतः समयोचित और राष्ट्रीय एकता के हक में है। हमने हरियाणा के मेवात के इलाके के नूंह व अन्य कस्बों समेत गुरुग्राम में जिस प्रकार की साम्प्रदायिक हिंसा हाल ही में देखी है उससे यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या कुछ लोग धर्म की आड़ में इस देश का शान्ति व सौहार्द समाप्त कर देना चाहते हैं और भारतीय नागरिकों को मजहबी लबादा ओढ़ कर एक–दूसरे का ही दुश्मन बना देना चाहते हैं? यह काम निश्चित रूप से नफरत या घृणा फैलाकर ही किया जा सकता है क्योंकि नफरत से ही हिंसा का उदय होता है। हम यह कैसे भूल जाते हैं कि इस हिंसा का मुख्य कारण एक ऐसा अपराधी सोनू मानेसर है जिस पर दो निरपराध मुस्लिम युवकों को जिन्दा जला देने का गंभीर आरोप है। यदि ऐसा व्यक्ति सावन के महीने में आयोजित होने वाली भगवान शंकर के नलहड़ मन्दिर की शोभायात्रा में शामिल होने का ऐलान करता है तो सबसे पहले हिन्दुओं को ही अपनी धार्मिक यात्रा को कलुष होने से बचाना चाहिए था और इलाके की पुलिस को पूरी सावधानी बरतने के लिए कहना चाहिए था क्योंकि भगवान शंकर तो स्वयं 'गरल पान' के प्रतीक हैं। यदि सोनू मानेसर नलहड़ मन्दिर यात्रा के बहाना मेवात की जनता के बीच साम्प्रदायिक विद्वेश भड़काने की साजिश रच रहा था तो प्रशासन को समय रहते ही चौकन्ना होकर इस प्रयास पर पानी फेर देना चाहिए था परन्तु ऐसा नहीं हो सका और दंगाइयों को सरकारी व निजी सम्पत्ति फूंकने के साथ ही निरपराध लोगों की हत्या करने का अवसर मिल गया। समाज को इन दंगाइयों को पहचानना होगा और चेहरे से धर्म के नकाब को तार–तार करना होगा। मगर क्या सितम हुआ कि गुरुग्राम में ही नकाब ओढ़–ओढ़ कर इन दंगाइयों ने एक विशेष समुदाय के लोगों की दुकानों व आशियानों को फूंका और इसकी जद में कुछ हिन्दुओं की दुकानें व आशियाने भी आ गये? इसी से सिद्ध हुआ कि दंगाई का मजहब से कोई मतलब नहीं होता उसका लक्ष्य केवल समाज में दहशत पैदा करना होता है और एक समुदाय के लोगों को दुश्मन समझना होता है जिससे नफरत और घृणा फैले तथा हिंसा का विस्तार हो। सर्वोच्च न्यायालय ने बहुत पहले आदेश दिया था कि राज्य सरकारों का प्रशासन उन लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की सम्बन्धित धारा के खिलाफ कार्रवाई करे जो दो समुदायों के बीच रंजिश बढ़ाने से जुड़ी हुई हैं। मगर हम देख रहे हैं और अभी तक अनुभव बताता है कि इस मामले में शिथिलता बरती जाती है। यह कितनी बार लिखा जाये कि भारत मुसलमानों का भी उतना ही देश है जितना कि हिन्दुओं का क्योंकि दोनों के पुरखों ने ही इसे विकसित व उन्नत बनाने में अपनी–अपनी भूमिका निभाई है। दोनों का रक्त ही इस मुल्क की मिट्टी में शामिल है। क्या बजरंग दल या विश्व हिन्दू परिषद के लोगों को मेवात के इघ्तिहास के बारे में जरा भी जानकारी है? मेवाती मुसलमान ऐसे भारतीय मुसलमान हैं जो अपने हिन्दू पुरखों का पूरा इतिहास अपने पास संजो कर रखते हैं और अपने गोत्र के आधार पर अपनी नई पीढिघ्यों की जन्मपत्रियां बनवाते हैं। मेवात का इलाका एक प्रकार से ब्रज क्षेत्र में ही आता है। अतः भगवान कृष्ण के प्रति भी इनकी श्रद्धा रहती है और खुद को ब्रजवासी कहने में भी गर्व का अनुभव करते हैं। होली–दिवाली का त्यौहार मनाने के साथ ही ये हिन्दुओं के अन्य तीज–त्यौहारों को भी सांकेतिक रूप में जरूर मनाते हैं और साथ ही ईद भी मनाते हैं। ये वो मेवाती मुसलमान हैं जिन्होंने 1719 में मुगल बादशाह मुहम्मद शाह रंगीले के खिलाफ अभियान पर निकले मराठा सरदार बाजीराव पेशवा को दिल्ली तक पहुंचने का सहर्ष रास्ता दिया था क्योंकि बादशाह ने मथुरा में अपनी बहुत बड़ी सेना अवध के नवाब सआदत खां के नेतृत्व में तैनात कर रखी थी और बाजीराव पेशवा ग्वालियर से दिल्ली की तरफ कूच कर रहे थे। सवाल यह है कि हम लड़ किन लोगों से रहे हैं? बजरंग दल जैसे संगठन किन लोगों के खिलाफ जहर उगल रहे हैं ? ये हमारे ही लोग हैं और हम में से हैं। बेशक 1947 में मची मारकाट को देखते हुए मेवाती मुसलमानों ने घबरा कर पाकिस्तान जाने की जब सोची तो महात्मा गांधी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे भारत में अपने पुरखों की धरती को छोड़ कर जाने का विचार त्याग दें। इसके पीछे एक कारण यह था कि जब 23 मार्च, 1940 को मुहम्मद अली जिन्ना ने लाहौर में पाकिस्तान प्रस्ताव मुस्लिम लीग की सभा में पारित कर दिया तो अप्रैल महीने में ही दिल्ली में भारतीय मुसलमानों की बहुत बड़ी सभा हुई। जिसमें खान अब्दुल गफ्फार खान के अलावा देवबन्द के जमीयत उल–उलेमाए हिन्द के मौलाना मदनी ने भी भाग लिया और सिन्ध के मुख्यमन्त्री अल्लाबख्श सुमरू ने भी शिरकत की।

# पेयजल संयंत्र का उद्घाटन किया



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरू.** बनूर स्थित आदि चुनचुनगिरी शिक्षण संस्थान,ट्रस्ट परिसर में सोमवार को स्वामी सोमेश्वरनाथ के सान्निध्य में स्कूल के छात्रों को शुद्ध पेयजल हेतु नवनिर्मित पेयजल संयंत्र का उद्घाटन किया गया द्य पेयजल संयंत्र के लाभार्थी पर्यावरण जागृती वेदिके, बनूर के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपुरोहित रहे द्य समाजसेवी राजपुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों को शुद्ध पेयजल व शुद्ध आहार की जरूरत है द्य इस संस्था में संयंत्र की कमी थी द्य छात्र स्वस्थ रहेंगे तो समाज व देश मजबूत होगा द्य शिक्षित बच्चे अपने चरित्र का निर्माण कर देश की उन्नति में भागीदारी बने द्य आज शिक्षा के क्षेत्र में कई प्रकार की प्रतिस्पर्धा है द्य छात्रों को कड़ी से कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ना होगा द्य इस दौरान कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए द्य इस अवसर पर बनूर पुलिस थाना निरीक्षक टी.लोलाक्षी, पूर्व विधायक सुनीता वीरप्पा गौड़ा, व्यवस्थापक आनंद गौड़ा,प्राचार्य अस्वस्थ, रामस्वामी, कुमार,पार्षद शंकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे

# थाना चित्रकूट पुलिस की एक और शराब तस्करो के विरुद्ध कार्यवाही :60 लीटर अवैध हाथ भट्टी से बनी शराब कीमती 7800/- रुपये के साथ अन्तर्राज्यीय तीन शराब तस्करो को रंगे हाथ दबोचा

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

श्रीमान आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के कुशल निर्देशन एवम श्री आशीष कुमार जैन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चित्रकूट जिला सतना (म.प्र.) के मार्गदर्शन एवं थाना चित्रकूट प्रभारी श्री उपनिरी. अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व में थाना चित्रकूट के केवटरा स्कूल के पास से कुल 60 लीटर अवैध हाथ भट्ठी की बनी कच्ची शराब कीमती 7800/- रुपये की परिवहन करते अन्तर्राजीय गोण्डा उ.प्र. निवासी 03 शराब तस्करो को रंगे हाथ दबोचा

**घटना विवरण-**दिनांक 06.08.2023 को सउनि रामावतार रावत हमराह सहायक उप निरीक्षक एस.पी.बागरी आरक्षक 391 सन्तोष कुमार वर्मा आरक्षक 1094 विकाश पाल एवं चालक प्रधान आरश्क्षक 306 दिनेशलाल मय शासकिय वाहन क्रमांक एमपी03ए 4838 के साथ कस्बा देहात जुर्म जरायम की पतासाजी हेतु रवाना हुआ था। दौरान कस्बा हुये थे जैसे ही नयागांव पहुचे तो जरिये मुखबिर सूचना मिली कि 03 व्यक्ति ग्राम केवटरा स्कूल के पीपल के पेड के पास 03 प्लास्टिक की गैलन में देशी महुआ हाथ भट्ठी की अवैध शराब बिक्री हेतु लिये बैठे है। मुखबिर सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु हमराह स्टाफ एवं राहगीर साक्षीगणो साथ लेकर मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम केवटरा स्कूल के पीपल के पेड के पास पहुंचकर देखे जो 3 व्यक्ति ग्राम केवटरा स्कूल के पीपल के पेड के पास 03 प्लास्टिक के गैलन लिये बैठे थे जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें हमराह स्टाफ एवं गवाहानों की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा







गया तो नाम पता पूछने पर एक व्यक्ति अपना नाम 01. मुन्ना लाल यादव पिता रामसुन्दर यादव उम्र 48 वर्ष निवासी बीरेपुर थाना मोतीगंज जिला गोण्डा उत्तर प्रदेश 02.राधेश्याम बरबार पिता स्व. राजाराम बरबार उम्र 40 वर्ष निवासी पोडरी भोरहा थाना मोतीगंज जिला गोण्डा उत्तरप्रदेश,
03.रामशंकर बरबार पिता स्व.सियाराम बरबार उम्र 43 वर्ष निवासी मतोनिया थाना मोतीगंज जिला गोण्डा उत्तरप्रदेश का होना बताये। तीनो के पास जो कुल 60 लीटर कीमती 7800 रूपये की शराब मिली। आरोपीगण उपरोक्त के कब्जे से 3 प्लास्टिक के गैलनों मे 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ की बनी अवैध शराब कीमती 7800 रूपये की मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। आरोपीगणों का कृत्य मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) आबकारी एक्ट अंतर्गत दंडनीय अपराध पाये जाने से मुताबिक गिरफ्तारी पत्रक गिरफ्तार किया गया। वापसी पर अपराध क्र.182/23 कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी गणो को माननीय न्यायाल पेश किया गया। जो माननीय न्यायालय के आदेश से केन्द्रीय जेल सतना मे निरुद्ध किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपीगण**

1.मुन्ना लाल यादव पिता रामसुन्दर यादव उम्र 48 वर्ष निवासी बीरेपुर थाना मोतीगंज जिला गोण्डा उत्तर प्रदेश
2.राधेश्याम बरबार पिता स्व.राजाराम उम्र 40 वर्ष निवासी पोडरी भोरहा थाना मोतीगंज जिला गोण्डा उ.प्र.,
3.रामशंकर बरबार पिता स्व.सियाराम उम्र 43 वर्ष निवासी मतोनिया थाना मोतीगंज जिला गोण्डा उत्तरप्रदेश

**सराहनीय भूमिका**

थाना प्रभारी चित्रकूट उपनिरी अभिषेक पाण्डेय ,सउनि रामावतार रावत ,सउनि शिवप्रसाद बागरी ,आर 894 गणेश विश्वकर्मा ,आर 391 सन्तोष कुमार ,आर 978 विनोद द्विवेदी , आर 1094 विकास पाल , प्र.आर. चालक 306 दिनेशलाल

# सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी व भाजपा नेता युवराज त्रिपाठी ने जताई सेमरिया विधानसभा सीट से अपनी प्रबल दावेदारी

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**रीवा।** जिले के सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला कार्यसमिति सदस्य युवराज त्रिपाठी जो सेमरिया विधानसभा सीट से अपनी प्रबल दावेदारी पेश कर दिए है, उन्हें जनता के बीच भारी समर्थन मिल रहा है, श्री त्रिपाठी जो सेमरिया क्षेत्र मे जनता के बीच जा रहे और उनकी समस्या सुनते हुए सरकार कि महत्वपूर्ण योजना के बारे मे बता रहे है, श्री त्रिपाठी का समूचे विधानसभा क्षेत्र मे समाज के हर वर्ग में सघन जन सम्पर्क जारी है, श्री त्रिपाठी प्रत्येक गाँव गाँव में घूम कर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचा रहे हैं, इस बार



सेमरिया क्षेत्र की जनता लोकल प्रत्याशी की मांग कर रही है, जिसमें श्री त्रिपाठी को क्षेत्रीय जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है, श्री त्रिपाठी की जनता के बीच बड़ रही लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है, एवं श्री त्रिपाठी जो लगातार दो बार सेवा सहकारी समिति का चुनाव लडे और दोनो ही बार 80 प्रतिशत से भी अधिक मतों से विजय प्राप्त कर चुके है,सेमरिया क्षेत्र मे बड़ती लोकप्रियता को देखते हुए ये कहना बिल्कुल सही होगा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी सेमरिया विधानसभा सीट से युवराज त्रिपाठी को विधायक पद का उम्मीदवार (प्रत्याशी) चुन सकती है।

# रीवा जिला शिक्षा अधिकारी की मनमानी आई सामने



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**रीवा।** जिला शिक्षा अधिकारी जीपी उपाध्याय की मनमानी सामने आ रही है वर्किंग डे पर भी उन्होंने अपने कार्यालय का अंदर से ताला बंद कर रखा है,सबसे बड़ा सवाल आखिर वर्किंग डे पर भी अंदर से ताला बंद क्यों किया गया है. यहां बाहर से आए कर्मचारियों और अन्य दूरदराज से आए हुए शिक्षक छात्र को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लगभग 2 घंटे से उन्होंने अपने ऑफिस का ताला अंदर से बाद करवा कर रखा है, हालांकि उनसे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया सबसे बड़ा सवाल आखिर अंदर से ताला क्यों बंद कर रखा गया इसका जवाब ना तो वहां के कोई अधिकारी या कोई कर्मचारी नहीं दे रहे।शिक्षा विभाग रीवा में नया मोड़ आया,,,जब से , स्थापना बाबू विजय शर्मा लोकायुक्त द्वारा पकड़ा गया है तब से कार्यालय का ताला बंद कर लेन-देन महत्वपूर्ण काम किया जाता है बाहर भले ही कोई खड़ा रहे अब गंगा उपाध्याय कोई रिस्क नहीं लेना चाहते जानकारी के लिए बता दें कि अभी भी रिश्वतखोर बाबू विजय शर्मा कार्यालय बैठकर लेने के मामले को जारी रखा है। प्रशासन इस कदर से मुख बधिर बन चुका है कि इन रिश्वतखोर ऊपर कोई जननी कार्यवाही नहीं की जाती है और लिहाजा यह है कि दरवाजा बंद करके निरंतर काम जारी है।

# सिरियारी गांव में आईमाता भैल रथ के आगमन पर पर समाज बंधुओ ने किया भव्य बधावा

**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली ।** सोजत के निकटवर्ती ग्राम सिरियारी के पश्चिम में लगभग 3 किलोमीटर दूर सीरवी बाहुल्य गांव आया हुआ है सिंचाणा। दीपाराम काग ने बताया की इस गांव में लगभग 400 घर की बस्ती है जिनमें सीरवी समाज के लगभग 150 घर है सीरवी समाज के अलावा कुम्हार, देवासी, मेघवाल, मीणा, बावरी, राजपूत, राजपुरोहित और ढोली जाति के लोग बसते हैं। सीरवी समाज में मुख्यतः गहलोत, पंवार, देवड़ा, मुलेवा, काग, बरफा, राठौड़, चोयल और लचेटा गौत्र के घर है। यहां की बडेर सन 1993 में बनाकर प्राण प्रतिष्ठा परम पूज्य माननीय दीवान साहब माधव सिंह जी के कर कमलों से संपन्न हुई थी। वर्तमान में दीपाराम जी देवड़ा कोटवाल एवं जेठाराम गहलोत जमादारी और साल भर से मोहनलाल बरफा बडेर के पुजारी है।इस गांव के चारों ओर सिरियारी,



वौपारी,ठाकरवास, मलसाबावड़ी, गुड़ा मेहकरण, राणावास और गुड़ा सूरसिंह आये हुए हैं जो अच्छी खेती के लिए प्रसिद्ध है यह गांव गुड़ासूर सिंह पंचायत में आता है जिसमें सिचाणा के साथ गुड़ा मेहकरण, बाणियामाली और जोड आसण गांव आते हैं। यहां के सीरवी बंधु चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, सूरत, अंकलेश्वर तथा राणावास में व्यापार व्यवसाय में लगे हुए हैं। धर्म सभा कार्यक्रम में दीपाराम काग व महेंद्र महाराज मध्यप्रदेश ने आई माताजी के इतिहास के बारे मे जानकारी दी।इस अवसर पर बाबा मंडली के खेता महाराज, राजेन्द्र सिंह पवांर, कल्याण काग, शंकर हाम्ब?, गणेश पंवार सहित समाज के गणमान्य उपस्थित रहे

## अधिनियम की जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक संपन्न

# पीड़ितों को शासन की सहायता का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

रीवा। अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की जिला स्तरीय सतर्कता एवं



मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने अत्याचार पीड़ितों को शासन स्तर से मिलने वाली सहायता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीड़ितों को सभी प्रकार की सहायता दिलाने में तत्परता बरतें तथा पीड़ित, गवाहों एवं उनके आश्रितों को यात्रा भत्ता एवं भरण पोषण की सहायता दिलायें। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जिले में सामाजिक पुर्नवास के प्रकरणों के चिन्हाकन में कमी होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि पीड़ितों को मिलने वाली सहायता की जानकारी के लिये प्रचार-प्रसार करें ताकि पीड़ितों को समय पर सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने आमजनों के प्रकरणों का चिन्हाकन कर पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि प्रदाय करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित जनों से भी अपेक्षा की कि अत्याचार पीड़ित व्यक्तियों को सहायता दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण थानों में सहायता संबंधित फ्लैक्स व अन्य प्रचार सामग्री रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति, जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में योजनाओं के प्रचार-प्रसार के कैंप आयोजित करें। बैठक में बताया गया कि अनुसूचित जाति के 93 प्रकरणों में 86.50 लाख रूपये तथा अनुसूचित जनजाति के 42 प्रकरणों में 35.94 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत कर वितरित कर दी गई है। आकस्मिकता नियम के तहत 5 प्रकरणों में 24.75 लाख रूपये की राशि तथा 5 मानसिक निर्वाह भत्ता के तौर पर 90 हजार रूपये स्वीकृत किये गये हैं। बैठक में पुलिस थानों में दर्ज प्रकरणों के चालान प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जिसके तहत बताया गया कि दर्ज 271 प्रकरणों में 160 में चालान प्रस्तुत किया गया जिनमें से 210 प्रकरण राहत हेतु प्रेषित किये गये। इस दौरान न्यायालयों में प्रस्तुत प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, जिला अभियोजन अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा जिला संयोजक डीएस परिहार उपस्थित रहे।

## उल्लास और उमंग के साथ मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर लेंगे परेड की सलामी,नवगठित मऊगंज जिले में सीएम राइज स्कूल मैदान में होगा ध्वजारोहण

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे विवेक तिवारी**
**(संभागीय ब्यूरो)**

**रीवा।** जिले भर में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले भर में स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास और उमंग के साथ मनाया जायेगा। शासन के निर्देशों के अनुसार जिला विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर समारोह आयोजित किये जायेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। समारोह में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन होगा। समारोह में आकर्षक परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव तथा हर घर तिरंगा अभियान संबंधी प्रस्तुतियाँ समारोह में शामिल होंगी। नवगठित मऊगंज जिले में सीएम राइज स्कूल मैदान में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। एसडीएम मऊगंज इसके लिए समस्त तैयारियाँ सुनिश्चित करें। मऊगंज में भी शासन के निर्देशों के अनुसार मुख्य समारोह में परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन तथा पुरस्कार का वितरण किया जाएगा।कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से आरंभ होगा। समारोह में जिला पुलिस बल, एसएएफ, नगर सैनिक , औद्योगिक सुरक्षा बल,



स्काउट गाइड्स तथा एनसीसी कैडेट द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जायेगी। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन करेंगे। इसी तरह नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में ध्वजारोहण किया जायेगा। सभी शासकीय तथा अशासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में भी प्रातः 8 बजे तक ध्वजारोहण किया जायेगा। शासन के निर्देशों के अनुसार ध्वजारोहण तथा शाम में ध्वज को सम्मानपूर्वक अवरोहित कर सुरक्षित रखने की व्यवस्था करें। सभी शासकीय भवनों में 14 एवं 15 अगस्त की रात में रोशनी की व्यवस्था करायें। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिये नगर निगम एसएएफ मैदान में साफ - सफाई तथा पानी की व्यवस्था करायेगा। एसएएफ मैदान में 10 अगस्त को मुख्यमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में लाड़ली बहना सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह के बाद कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मैदान के समतलीकरण, वैरिकेटिंग एवं बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिये जनरेटर की व्यवस्था करेंगे। अन्य अधिकारियों को भी स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उसके अनुरूप समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। समारोह में शामिल दलों का परेड अभ्यास तत्काल शुरू करा दें रक्षित निरीक्षक इसके लिये आवश्यक व्यवस्थायें करें। जिला शिक्षा अधिकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां करें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हर घर तिरंगा अभियान, आजादी के अमृत महोत्सव तथा लाड़ली बहना योजना की थीम को शामिल करें। बैठक में कलेक्टर ने माइक एवं साउंड व्यवस्था, मैदान की साज सज्जा तथा बैठक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को सम्मानित किया जायेगा। बैठक में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, सहायक कलेक्टर सोनाली देव, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रभु की प्रार्थना कभी खाली नही जाती है संत शीतल राजाराम

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू ।** सीरवी समाज एच.एस.आर ले आऊट वडेर में चातुर्मास विराजित संत शीतल राजाराम महाराज ने प्रवचन में कहा की अटपटी,झटपट लखे न कोय ज्यों मन की खटपट मिटे,तो चटपट दर्शन होय मन कि खटपट यह÷ कितने आश्चर्य की बात है कि संसार का प्रत्येक व्यक्ति परमात्मा को पाना तो चाहता है,परन्तु उसको जानना बिलकुल भी नहीं चाहता परमात्मा एक व्यक्ति के रूप में आपके पास आये और आपके गले लग जाये या आपको गले लगा ले,क्या ऐसा होना संभव है ड़ इस संसार में असंभव कुछ भी नहीं है जो इस संसार का सूत्रधार है वह कहीं न कहीं तो होगा ही और अगर ऐसा है तो फिर उसको प्राप्त करना हो भी सकता है गीता में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि मेरे भक्त के लिए इस संसार में कुछ भी अप्राप्य नहीं है आवश्यकता है,एक प्रेमी भक्त बनने की,ज्ञानी भक्त बनने की संसार की प्रत्येक भौतिक वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है-अपनी मेहनत से,अपनी चालबाजी से,चोरी से ,छीनाझपटी से ,असत्य बोलकर,लालच देकर,किसी को धोखा देकर आदि आदि विभिन्न प्रकार के प्रयासों से परन्तु आप परमात्मा को इनमे से किसी भी तरीके से प्राप्त नहीं कर सकते अगर इन तरीकों से परमात्मा को प्राप्त किया जा सकता तो ऐसे सभी प्रयास तो कुरुक्षेत्र युद्ध से पहले दुर्योधन ने आजमाए ही थे फिर भी कृष्ण को अपने वश में नहीं कर सका था फिर परमात्मा में ऐसा क्या है कि उनको उपरोक्त वर्णित सब प्रयासों से भी जाल में फंसाया नहीं जा सकता ड़ इसके लिए परमात्मा की प्रकृति को जानना आवश्यक है जब शिशु इस संसार में आता है तब वह परमात्मा स्वरुप ही होता है उसकी प्रकृति और परमात्मा की प्रकृति में किसी भी प्रकार का अंतर नहीं होता है इसी कारण से हमें शिशु की हरकतें मोहक लगती है उसका मन इतना निर्मल होता है कि हमें उसी में



परमात्म-दर्शन होते हैं ज्यों ज्यों शिशु बड़ा होता है ,सांसारिक गतिविधियां उस पर हावी होती जाती है,और वह अपने बाल-सुलभ स्वभाव से दूर होता चला जाता है यही विकृति उसे परमात्मा से दूर करती चली जाती है निर्मल मन प्रेम का अथाह भंडार होता है इसी कारण से शिशु सबको प्रिय होता है ।और शिशु को भी सभी प्रिय लगते हैं तभी तो शिशु का संसार से अपना पहला संबंध मुस्कान के साथ ही स्थापित करता है हमारी भाषा में इसे सामाजिक मुस्कान कहा जाता है। शिशु इस अवस्था में न तो यह जानता है कि दिल से उसको कौन प्रेम करता है और कौन उसके पास वैमनस्य भाव से आया है वह तो सबका स्वागत अपनी प्यारी सी मुस्कान से करता है इससे अधिक प्रेम परिपूर्णता का दूसरा उदहारण इस भौतिक संसार में हो ही नहीं सकता एकदम यही स्वभाव ,यही प्रकृति परमात्मा की होती है परमात्मा भी सबको समान दृष्टि से देखता है हाँ,यह बात जरूर है कि उसे प्रेम से पूर्ण व्यक्ति सबसे प्रिय होते हैं7और प्रेम से परिपूर्ण होने वाले व्यक्ति ही परमात्मा के मित्र हो सकते हैं अर्जुन इसी कारण से कृष्ण को मित्र रूप में पा सके थे प्रेम से परिपूर्ण होने के लिए आपको सिर्फ इतना ही करना होगा कि बालसुलभ स्वभाव बनाये रखें ,मन में किसीभी प्रकार की सांसारिक विकृति को प्रवेश न करने दें7 जब आपका मन निर्मल हो जायेगा ,संसार में सभी समान नड़र आने लगेंगे तब आप सबमे परमात्मा के ही दर्शन करेंगे आपमें उपस्थित प्रेम ही परमात्मा है ,इसके लिए आपको कहीं भी प्रेम पाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा,कही भी परमात्मा को ढूँढने नहीं जाना होगा स्वामी रामसुख दास जी कहा करते थे- बात बड़ी है अटपटी,झटपट लखे न कोय ज्यों मन की खटपट मिटे,तो चटपट दर्शन होय मन कि खटपट यह÷ , ईर्ष्या,वैमनस्य,लालच,आकांक्षाये,कामनाये आदि विकार ही है। इस अवसर पर वडेर के सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा, सह-सचिव केनाराम मुलेवा, छेलाराम काग ने संत शीतल राजाराम महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मांगीलाल सोलंकी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष महेंद्र राठौड़, सचिव मदनलाल राठौड़ एवं मिडिया प्रभारी किशोर राठौड़ सहित समाज के अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में दिए निर्देश

### मेरी माटी-मेरा देश अभियान 9 से 16 अगस्त तक चलाया जाएगा







3दैनिक पुष्पांजलि टुडे
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

**रीवा।** प्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मेरी माटी मेरा देश अभियान, हर घर तिरंगा अभियान, मेधावी बच्चों को स्कूटी वितरण तथा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के संबंध में निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान 9 से 16 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस संबंध में दिए गए निर्देश के अनुसार सभी नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित करें। अमृत सरोवरों के किनारे अथवा अन्य उपयुक्त स्थल पर 75 पौधों का रोपण कराएं। प्रत्येक गांव तथा शहरी क्षेत्र के वार्डों से पवित्र माटी संकलित करके उसे नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों के माध्यम से नई दिल्ली भेजने की व्यवस्था करें। ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा सभी नगरीय निकायों में एक प्रमुख स्थान पर शिलाफलक लगाया जाएगा। इसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों, वीर जवानों के नाम अंकित रहेंगे। साथ ही इसमें प्रधानमंत्री जी का संदेश भी अंकित रहेगा। इसके लिए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। नगरीय निकायों तथा नगर निगमों में 16 अगस्त को यह कार्यक्रम आयोजित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस पर सभी घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। कलेक्टर स्थानीय स्तर पर तथा प्रदेश स्तर से तिरंगे की व्यवस्था कर लें। लगातार कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास करें। अभियान के लिए भारत सरकार से भी तिरंगे प्राप्त हो रहे हैं। इनका समय पर वितरण सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की जा रही है। इसके लिए 23 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में समारोह आयोजित किए जाएंगे। सभी कलेक्टर पात्र विद्यार्थियों की पूरी जानकारी आज ही ऑनलाइन दर्ज करा दें। स्कूटी की आपूर्ति करने वाले डीलरों से संपर्क करके विद्यार्थी की इच्छा के अनुसार उसे स्कूटी उपलब्ध कराएं। डीलर विद्यार्थी को विकासखण्ड स्तर तक स्कूटी पहुंचाकर प्रदान करे। जिस विद्यार्थी को ड्राइविंग लाइसेंस की पात्रता न हो उसे स्कूटी प्रदान नहीं की जाएगी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत प्रदेश भर में एक लाख 50 हजार बच्चों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। विभिन्न संस्थाओं तथा निर्माण एजेंसियों ने पोर्टल में 61 हजार पदों की रिक्तियाँ दर्ज की हैं। इसमें विद्यार्थी अपनी इच्छा के अनुसार पद का चुनाव पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। इस योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 13 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थी द्वारा जॉब चुनने के बाद ही उसका कान्ट्रैक्ट ऑनलाइन जनरेट होगा। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में भाग लेते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सीखो कमाओ योजना के तहत शत-प्रतिशत जानकारी अपलोड कर दी गई है। रीवा जिले में 246 विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की जा रही है। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर अनिल सुचारी तथा कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे तथा अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मिशन इन्द्रधनुष के तहत टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

# पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक ने किया मिशन इन्द्रधनुष अभियान का शुभारंभ

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो रीवा)

**रीवा।** जिले भर में 0 से पांच वर्ष आयु के बच्चों के टीकाकरण के लिए मिशन इन्द्रधनुष चलाया जा रहा है। इसके तहत 7 से 11 अगस्त, 11 से 16 सितम्बर तथा 9 से 14 अक्टूबर तक तीन चरणों में पाँच साल तक के सभी बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। विभिन्न कारणों से टीकाकरण की डोज लेने से वंचित सभी बच्चों को इन तीन चरणों में जीवन रक्षक टीके लगाए जाएंगे। बच्चों के टीकाकरण की पूरी जानकारी यूविन पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। टीकाकरण अभियान की जिला एवं विकासखण्ड स्तर से लगातार निगरानी की जाएगी। अभियान का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं रीवा विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया। उन्होंने जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं को ड्राप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सबका दायित्व है कि इस अभियान को सफल बनायें।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मिशन इन्द्रधनुष के तहत टीकाकरण के लिए दल गठित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जा चुका है। टीकाकरण के लिए गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों का पोर्टल पर पंजीयन किया जा रहा है। पंजीयन के बाद टीकारण करके पोर्टल पर समस्त जानकारियाँ दर्ज की जाएंगी। सम्पूर्ण टीकारण होने के बाद बच्चे के अभिभावकों तथा गर्भवती महिलाओं को पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इसे हितग्राही पोर्टल से स्वयं डाउनलोड कर सकेगा। बच्चों के अभिभावक तथा गर्भवती महिलाएं यूविन पोर्टल पर ऑनलाइन स्लॉट बुक करके भी निर्धारित टीकाकरण सत्र में टीके लगवा



सकती हैं। इसके लिए टीकाकरण पोर्टल पर पहचान पत्र एवं मोबाइल नम्बर एवं पंजीयन होना अनिवार्य है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी अभिभावकों से उनके पाँच साल तक के बच्चों को जीवन रक्षक टीके लगवाने का अनुरोध किया है। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं से भी टीकाकरण अभियान में सहयोग की अपील की है। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीके अग्निहोत्री सहित चिकित्सकीय स्टाफ उपस्थित रहा।

# हेरिटेज कराओके ग्रुप, पाटन द्वारा धी गोल्डन एरा हिंदी फिल्म संगीत के तीन दिग्गजों, दिवंगत पार्श्व गायक मोहम्मद रफी साहब, किशोर कुमार और मुकेशजी को एक संगीतमय श्रद्धांजलि दि गई







निल कुमार ब्यूरो चीफ़
दैनिक पुष्पांजली टुडे

कला, संस्कृति, संस्कार और संगीत को समर्पित शहर पाटन में बहुत ही कम समय में फिल्म संगीत कराओके के क्षेत्र में काफी प्रसिद्धि हासिल करने वाली संस्था हेरिटेज कराओके ग्रुप ने हिन्दी फिल्म संगीत के तीन दिग्गज गायक रफ़ी साहब, किशोर कुमार और मुकेशजी को उन के द्वारा गाए गए गीतों के माध्यम से संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की गईइस कार्यक्रम का सुंदर आयोजन खेडुत भवन, ए. पी. एम. सी के पूर्णतः वातानुकूलित सभागार में आयोजित किया गया था। ईस कार्यक्रम के अतिथि विशेष के तौर पे पाटन के सक्रिय एवं जागरूक विधायक डॉ. किरीटभाई पटेल,अवनी मैटरनिटी होम, के डॉ. दीप व्योमेशभाई शाह, न्यू भारत रेडियो की और से विजयभाई रायचंदानी, डीसा , बनासकांठी जील्हासे प्रसिद्ध गायीका रीनाबेन पटेल, पाटन संग्रहालय के अधिकारी महेंद्रसिंह सुरेला, गुजरात के प्रसिद्ध लोक गायक दशरथ गोवालियो, अहमदाबाद से कराओके गायक प्रफुल्लभाई दवे और नडाबेट बॉर्डर टूरिज्म के इवेंट मैनेजर श्री विनय भारद्वाज जी ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की शानदार शुरुआत आठवीं कक्षा की छात्रा इरा पटेल द्वारा गाए गए मोहम्मद रफी साहब के मार्मिक गीत लिखे जो खत तुझे से हुई। और फिर हेरिटेज कराओके ग्रुप के विशिष्ट गायकों ने एक के बाद एक भावपूर्ण और प्रभावी गाने से श्रोताओ को ईतना आकर्षित किया की देर रात जब कार्यक्रम ख़त्म हुआ तब भी दर्शकगण वन्समोर और अन्य गानों की मांग करते रहे. कार्यक्रम में पाटन की संगीत प्रेमी जनता और पाटन शहर की कई स्वयंसेवी संस्थाएं जैसे भारत विकास परिषद, पाटन शाखा और सिद्धेम शाखा, रोटरी क्लब ऑफ पाटन के अध्यक्ष जुजार सिंह सोढ़ा, मंत्री श्री विनोदभाई सुथार, क्लब ट्रेनर श्री डॉ. बाबूभाई प्रजापति उपस्थित थे। । जैन जागरूकता केंद्र के मेहुलभाई जैन।, रामरहीम अन्नक्षेत्र के यतिनभाई गांधी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री महासुखभाई मोदी, मंत्री श्री। केशवभाई ठक्कर और गजानन मंडली, पाटन महाराष्टीयन समाज के अध्यक्ष सुरेश देशमुख और मुख्य ट्रस्टी सुनील पागेदार जैसे प्रबुद्ध और प्रतिष्ठित नागरिकों से भारी समर्थन और दाद मिली। कार्यक्रम में शहर के संगीतज्ञ श्री अशोकभाई व्यास ने गायक एवम् गायिकाओं को गायकी एवं लयताल की बारीकियां सिखायी गयीं। अभ्यास के दौरान एसे संगीतकार के जिन्होने कई पुरस्कार पाये है और कई गीतों के प्रसिद्ध संगीतकार श्री कमलेषभाई स्वामी द्वारा सटीक गायन का निरंतर अंतरंग प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन हेरिटेज कराओके ग्रुप के निर्देशक डॉ. आशुतोष पाठक द्वारा गरिमामय एवं सफलतापूर्वक किया गया। एवं प्रसिद्ध अंतर्राष्टीय मंच संचालन प्रबंधक श्री. अशोकभाई त्रिवेदी ने किया

### मुख्यमंत्री जी के स्वागत के लिए उत्साहित हैं महिलाएँ

# लाड़ली बहना योजना से लाभांवित महिलाओं ने रंगोली बनाकर जताई





दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा

**रीवा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के 10 अगस्त को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान कालेज चौराहे से अस्पताल चौराहे तक आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जी एसएएफ मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में लाड़ली बहना योजना से लाभांवित महिलाओं के खाते में वर्चुअल माध्यम से राशि जारी करेंगे। मुख्यमंत्री जी के रीवा आगमन को लेकर महिलाओं में नगर निगम क्षेत्र की हजारों लाड़ली उत्साह है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने बताया कि नगर निगम के सभी वार्डों में हस्ताक्षर अभियान चलाकर महिलाओं ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया है। लाड़ली बहना सेना में शामिल महिलाओं ने विभिन्न वार्डों में दीवार लेखन करके लाड़ली बहना योजना का प्रचार-प्रसार किया है। नगर निगम के सभी वार्डों में 6 अगस्त से 9 अगस्त तक हस्ताक्षर अभियान, धन्यवाद ज्ञापन, रंगोली प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जा रहा है। आयुक्त नगर निगम ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र निपनिया, आंगनबाड़ी केंद्र पड़रा, वार्ड नं 31 तरहटी में महिलाओं ने सुंदर रंगोली सजाकर मुख्यमंत्री जी के आभार व्यक्त किया है। सभी महिलाएँ राज्य स्तरीय समारोह में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं। बहनों द्वारा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। लाड़ली बहना योजना से लाभांवित महिलाओं को 10 अगस्त की प्रतीक्षा है। हस्ताक्षर अभियान तथा रंगोली प्रतियोगिता में महिलाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक वंदना सिंह, पार्षदगणों तथा नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

# नगरीय निकायों में समय पर वेतन नहीं मिलने से सफाई कर्मचारी कर्ज लेने को मजबूर

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुड्डू संजय वाल्मीकि ने कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर नगर पालिका भिंड एवं जिले की नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों को माह के प्रथम सप्ताह में वेतन का भुगतान करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से एडवोकेट श्री वाल्मीकि ने बताया कि नगर पालिका भिंड एवं जिले के नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों को 15- 25 तारीख के बाद वेतन का भुगतान किया जाता है,जबकि नगरीय प्रशासन के आदेशानुसार सफाई कर्मचारियों को वेतन का भुगतान माह की 1 से 5 तारीख के बीच किया जाना अनिवार्य है। लेकिन भिंड जिले के नगरीय निकायों के अधिकारियों द्वारा शासन के आदेश की अवहेलना कर सफाई कर्मचारियों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया जा रहा है, जिसके कारण से सफाई कर्मचारी वर्ग परिवार का भरण पोषण करने के लिए कर्ज लेने पर मजबूर हैं। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मांग पर कलेक्टर ने समस्या का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया तथा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव रूपेश पाथरे, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रजत बंटी पाथरे आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर मंगलवार को तहसील लहार में करेंगे जनसुनवाई

### कलेक्टर अब हर मंगलवार अलग- अलग तहसीलों में जनसुनवाई में पहुंचकर जनसमस्या को सुनेंगे

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव जिले में नवाचार करते हुए तहसीलों में जनसुनवाई करेंगे। जिसके अंतर्गत कलेक्टर श्रीवास्तव मंगलवार 08 अगस्त 2023 की जनसुनवाई तहसील लहार नगर पालिका कार्यालय में करेंगे। इस जनसुनवाई में तहसील स्तरीय सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी के साथ जिला स्तरीय जनसुनवाई सामान्य रूप से कलेक्टर कार्यालय भिण्ड में आयोजित होंगी।

# कैलारस में एचडीएफसी बैंक का हुआ शुभारंभ गौरव शर्मा

**कैलारस** नगर में एचडीएफसी बैंक की नवीन शाखा का शुभारंभ नायब तहसीलदार श्रीमती प्रेमलता पाल द्वारा किया गया 7 अगस्त को कैलारस स्थित बस स्टैंड के सामने एमएस रोड पर एचडीएफसी बैंक की नवीन शाखा का विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ नायब तहसीलदार श्रीमती प्रेमलता पाल, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ शोभा राम मिश्रा, मंडी सचिव विजेंद्र सिंह शाक्य ,समाजसेवी राजकुमार सिंघल की मौजूदगी में किया गया शाखा प्रबंधक दिलीप पांडे ने इस अवसर पर कहा कि जिले भर में ग्रामीणों व्यापारियों के लगातार मिल रहे सहयोग के चलते एचडीएफसी बैंक की यह सातवीं शाखा है बैंक ग्राहकों को बेहतर से बेहतर मिलती रहे यही शाखा का प्रयास रहा है इसी अवसर पर रजत अग्रवाल क्लस्टर हेड ने कहा कि बैंक हमेशा ग्राहकों के सहयोग से ही चलती है जिस प्रकार जिले में 6 शाखाएं चल रही हैं हमें उम्मीद और विश्वास है कि कैलारस में भी हमारी यह शाखा सभी के सहयोग से उच्च शिखर पर पहुंचेगी नायब तहसीलदार प्रेमलता पाल बीएमओ शोभाराम मिश्रा ने भी कहा कि एचडीएफसी बैंक की बेहतर सेवाओं से ग्राहक संतुष्ट हैं यहां भी यहां नवीन शाखा निश्चित रूप से ग्राहकों को बेहतर से बेहतर सेवाएं देगी बैंक उद्घाटन के अवसर पर पधारे सभी ग्राहकों अतिथियों का आभार शाखा प्रबंधक दिलीप पांडे ने व्यक्त किया



# पचेखा हत्याकांड में भाई को झूठा फंसाने का लगाया आरोप



**मुरैना।** कैलारस थाना पुलिस द्वारा पचेखा हत्याकांड में मेरे भाई को पुलिस ने जनता फंसाया है तथा आरोपियों द्वारा मेरे घर की तोडड़ोड़ कर पुलिस में ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर लिया तथा उसे रेत के मामले में बंद कर दिया है। उक्त आरोप सोनू सिंह तोमर ने दिए आवेदन में लगाए हैं।कैलारस थाना के अपराध क्रमांक 75/2023 को ग्राम पचेखा मैं हुए हत्याकाण्ड मे गब्बर सिंह की मौत हो गई थी, जिसमें मेरे भाई मोहन सिंह तोमर को झूठा फंसाया गया है, जबकि मेरा भाई उस समय घर पर ही था। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों को कई आवेदन दिए गए परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई है।

गांव के ही जयपाल सिंह, वीरसिंह, मानवेंद्र सिंह एवं उनका पूरा परिवार मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर खेती को भी नही जोतने दे रहे है। 21 फरवरी 2023 को पुलिस हमारे ट्रेक्टर उठाकर थाने ले आई। पुलिस वाले बोले रहे थे कि अपने भाई को थाने भेजे दो, तभी ट्रेक्टर को वापस कर देंगे। मैंने अपने भाई को थाने में हाजिर भी कर दिया है और पुलिस वालों ने ट्रेक्टर में रेत भरवाकर झूठी कार्यवाही कर दी। पीड़ित सोनू सिंह तोमर ने पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

## कोचिंग से घर जा रहे युवक को नकाबपोश बदमाशों ने पीटा, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**मुरैना।** जिले के अंबाह थाना अंतर्गत परेड चौराहे से कोचिंग पढ़ कर अपने घर जा रहे एक युवक की कुछ नकाबपोश बदमाशों ने जमकर मारपीट की जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबाह के परेड चौराहे पर अरबीपुरा के युवक राहुल सखवार की कुछ अज्ञात युवकों द्वारा मारपीट की गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि अरबीपुरा गांव निवासी राहुल सखवार कोचिंग से अपने घर की तरफ जा रहा था, उसी दौरान परेड चौराहे की एक गली पर उसे मुंह बांधे हुए कुछ युवकों ने घेर लिया और उसके साथ मारपीट प्रारंभ कर दी। वीडियो में दिख रहा है कि उसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार भी आया और उसने मोटरसाइकिल एक तरफ खड़ी करके राहुल की मारपीट की। यह घटना शनिवार की बताई जा रही है, जिसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बताते हैं कि उक्त घटना को नकाबपोश बदमाशों ने पुरानी रंजिश के चलते अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई है।

# मो नगर पालिका क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्षद एवं विधायक प्रतिनिधि के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे

**मौ।** नगर की जन समस्याओं को लेकर नगर परिषद मौ विधायक प्रतिनिधि संजीव यादव ने श्रीमान कलेक्टर महोदय के नाम तहसीलदार मौ ज्ञापन सौंपा अगर जन समस्याओं का 1 सप्ताह के अंदर निराकरण नहीं होता हुआ तो कांग्रेस बैनर तले नगर परिषद मौ का घेराव कर तालाबंदी की जाएगी एवं अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस नेता रणवीर सिंह यादव, एडवोकेट तिलक राजोरिया, राजीव कौशिक जी, सोनपाल यादव पार्षद, जागेश यादव अवधेश प्रजापति, मनोहर सिंह गौर, इकबाल खान, इरशाद खान आदि।

# मोल भाव का अपना कोई कभी रहा बाजार नहीं डॉ. संजय पंकज

## डॉ.संजय पंकज के सम्मान में हुईकवि गोष्ठी

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** बलवंत नगर , ग्वालियर स्थित मुरारी लाल गुप्त गीतेश के निवास ÷ गीतेश निवास ÷पर आयोजित कार्यक्रम में गीत-नवगीत के चर्चित रचनाकार मुजफ्फरपुर , बिहार से पधारे डॉ. संजय पंकज के सम्मान में डॉ .कृष्ण मुरारी शर्मा की अध्यक्षता में एक कविगोष्ठी का आयोजन किया। गया। वरिष्ठ कवि मुरारी लाल गुप्त ÷गीतेश ÷ने अपने स्वागत संबोधन में कहा, कि संजय पंकज की रचनाओं में समृद्ध परंपरा और समकालीनता के सहज ,प्रवाह को देखा जा सकता है। डॉ पंकज मूल्य और मनुष्यता के कवि हैं। प्रकृति, प्रेम और भारतीयता के उदात्त दर्शन इनकी रचनाओं में मिलते हैं। अतिथियों द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के बाद डॉ .संजय पंकज ने कबीराना अंदाज का गीत सुनाया - ÷चुप हो जा चुप हो जा साधो, कब तक बोलेगा ! धरा गगन के बीच अडिग तू, कब तक डोलेगा ! ÷ तो पूरे वातावरण में मस्ती और अध्यात्मक की खुशबू तैर गई। अपने मुक्तक - मोल भाव का अपना कोई कभी रहा बाजार नहीं, जिसमें सबका नहीं छलकना वह अपना संसार नहीं, जिस धारा में सबका बहना सदा रहा है ,जीवन भर, उस धारा में मैंने बहना कभी किया स्वीकार नहीं - सुनाकर अपनी रचनाधर्मिता का परिचय दिया। कवि पंकज ने अपनी कई रचनाओं की सुमधुर प्रस्तुति और प्रभावशाली पाठ से सबको विमुग्ध किया और अंत में जब - जर्जर कश्ती आंधी पानी, टूटी है पतवार/ जाना है किस ओर कहां पर, भूला खेवनहार/ कौन उतारे पारड़ - सुनाया तो जीवन-सच का रागात्मक भाव उजागर हुआ।अध्यक्षीय संबोधन में डॉ.कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा, कि ÷संजय पंकज गीत, कविता, आलोचना और संपादन में अपनी पहचान रखते हैं। इनके गीत हृदय को छूते हैं। ÷ डॉ.शर्मा ने अपने मुक्तक - कहें तो सहज ही कहिए सब समझेंगे, अटपटा कहेंगे तो बस खुद समझेंगे, यह जीवन भी सहजता से जिएं सुख से, अन्यथा न घर के न घाट के रहेंगे - से जीवन की सरलता को प्रकट किया। बृजेश चंद्र श्रीवास्तव ने - आ जाओ सावन बादल पानी और फुहार - गीत सुना कर बरसात का आह्वान किया। मुरारी लाल गुप्त गीतेश की पंक्तियां - जानकर अनजान बनना सीख कर अब मैं चला हूं, मैं न दुख से अब डरूंगा क्योंकि दुख में ही पला हूं - स्वाभिमान और जीवट को जगाने वाली रही। राजेश शर्मा ने - हे सुवासित वायु मेरी पीर को छूकर जाना, एक मरणासन्न संवेदन किसी का है अभी , नेह भीगा



याद संबोधन किसी का है अभी , .....शब्द में बिखरी हुई जंजीर को छूकर जाना। हे सुवासित वायु - ...÷ गीत सुना कर वातावरण को संवेदित कर दिया। डॉ .ललित मोहन त्रिवेदी ने - दिया लेकर भरी बरसात में उस पार जाना है, उधर पानी इधर आग दोनों को निभाना है - सुनाकर जीवन के संतुलन का बोध कराया। सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा का दोहा - चौमासे की जिंदगी, कजरी कहीं मल्हार ! कभी सनी गोधूलि में, कभी बहे जलधार ! - जीवन के सुख-दुख से रूबरू कराता रहा। विजय शंकर श्रीवास्तव के गीत - जिंदगी प्यार का गीत गाने लगी, जबकि अंतस् नवजागरण हो गया - जिजीविषा जगा कर गूंजते रहे। रामचरण चिराड़ ÷रुचिर ÷ने - एक तरफ तो खाई है गहरी दूजी और कुआं है/ जीवन के पथरीले पथ पर चलना कठिन हुआ है - सुना कर जीवन के द्वंद्वात्मक संघर्ष से परिचित कराया। जगदीश गुप्त ने अपने मस्ती भरे गीत - जागरण के गीत गाता फिर रहा हूं, मैं मसानों को जगाता फिर रहा हूं - से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। डॉ मंजुलता आर्य ने भक्ति भाव के गीत - माते मुझको ज्ञान दो, बुद्धि का वरदान दो - सुना कर कवि गोष्ठी को मां सरस्वती के चरणों में समर्पित कर दिया। आभार प्रकट करते हुए संजय पंकज ने कहा, कि ग्वालियर की भूमि शौर्य, पराक्रम और ऐतिहासिक गाथाओं से भरी हुई है। यहां साहित्य, संस्कृति और अध्यात्म की समृद्ध परंपरा है। यह ऋषियों, साधकों और साहित्यकारों की धरती है। मैं इसे प्रणाम करता हूं। यह कवि गोष्ठी मेरे लिए प्रेरणा है और मैं अपने सृजन कर्म को राष्ट्रीय गौरव से संपन्न करते हुए विश्व बंधुत्व के लिए हमेशा अर्पित करूंगा। संचालन रामचरण चिराड़ ÷रुचिर ÷ ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप गुप्ता ने किया। चार घंटे तक चली इस आत्मीय कवि गोष्ठी में विविध भावों की रचनाएं प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम बहुत ही उत्कृष्ट, अविस्मरणीय एवं प्रभावी रहा।

# हमें हतोत्साहित नहीं होना चाहिए सफलता जरूर कदम चूमेगी– विधायक मेवाराम जाटव

## विधायक कप कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन संपन्न





**दैनिक पुष्पाजली टुडे**

**गोहद।** गोहद विधानसभा के अंतर्गत विधायक कब कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन सर्वोदय स्कूल में आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे विधायक मेवाराम जाटव ने बालक बालिकाओं को फर्स्ट, सेकंड, थर्ड पुरस्कार विजेता छात्र-छात्राओं को वितरित किए। इस दौरान उन्होंने अपनी ओर से प्रथम स्थान के विजेताओं को ट्रैक सूट, द्वितीय स्थान के विजेताओं को टी-शर्ट तथा लोअर एवं थर्ड स्थान के विजेताओं को टी-शर्ट देने का एलान किया। इस दौरान विधायक मेवाराम जाटव ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि हमें कभी हतोत्साहित नहीं होना चाहिए सफलता जरूर कदम चूमेगी। उन्होंने अपने जीवन के बारे में बताते हुए कहा के मुझे भी इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 20 साल लग गए तब आज मैं आपके बीच विधायक बनकर पहुंचा हूं जो छात्र छात्राएं टूर्नामेंट में हार गए हैं उन्हें हतोत्साहित नहीं होना चाहिए उन्हें हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए सफलता 1 दिन जरूर मिलेगी। इस दौरान विधायक मेवाराम जाटव के साथ नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर, जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद, प्रमोद शुक्ला, पार्षद साबू खान, कुलदीप गुर्जर, आशीष गुर्जर, विजय उर्फ टोनी मुदगल, बन्टी गुर्जर, रमजान खान, रामहेत जाटव, बबलू बरैया, नसीर अहमद, सरपंच रचना जाटव बल्लू टेंट वाले आदि लोग उपस्थित रहे। 2022 के विधायक कप में मध्यप्रदेश में सबसे अधिक प्राइस राशि देने पर विधायक का हुआ सम्मान- 2022 में विधायक मेवाराम जाटव के द्वारा विधायक कप टूर्नामेंट कप में मध्यप्रदेश में विजेता पुरस्कार राशि सबसे अधिक 2 लाख रुपए दिए जाने पर खेल विभाग के ब्लॉक कॉर्डिनेटर मुकेश अर्गल के द्वारा विधायक जाटव का सम्मान किया गया। इस दौरान आयोजन समिति के मुकेश अर्गल, कोच रवि गॉड, कोच संतोष गॉड, राम बघेल, अनिल श्रीवास, संजय पंकज, साधना तोमर, योगिता यादव, केशव शर्मा, अरविंद शर्मा, राकेश नगर, पंचम जरिया आदि खेल विभाग के कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

### माननीय मुख्यमंत्री महोदय मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन में

# पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा आज 150 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिया गया

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी**>दिनांक 28.07.2023 को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व में पुलिस परिवार समागम के दौरान मैदानी पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश देने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई है । इस संबंध में पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना द्वारा समस्त पुलिस अधीक्षकों को पुलिस कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश प्रदान किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है, दिनांक 07.08. 2023 से प्रत्येक पुलिस अधिकारी कर्मचारी को सप्ताह में एक दिन का अवकाश प्रदान किया जाएगा जिससे की पुलिस कर्मचारी अपने परिवार के साथ समय व्यतीत कर सकेंगे । जिसके पालन मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा जिला शिवपुरी के पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश प्रदाय किये जाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं एवं आज दिनांक को 150 पुलिस अधिकारी / कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिया गया है, साथ ही पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा अवकाश पर जाने बाले समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि साप्ताहिक अवकाश के दौरान अपना मुख्यालय नहीं छोडेंगे एवं अपने फोन व संपर्क साधनों पर उपब्ध रहेंगे जिससे अचानक आवश्यकता आने पर बल को तुरंत बुलाया जा सके और आने बाली चुनौती से सामना किया जा सके ।

# जबेरा विधायक पहुंचे किसानों की फसलों का जायजा लेने



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जनपद जबेरा के ग्राम गढ़िया चंदपुरा में विगत दिनों बाढ़ से प्रभावित हुआ था जिसमें किसानों की फसलें डूब के कारण नष्ट हो गई थी जिन का जायजा लेने जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी फसलों का जायजा लेने खेतों में पहुंचे। विधायक के साथ जबेरा तहसीलदार विवेक व्यास , कृषि विभाग के अधिकारी,आरआई, पटवारी सहित 10 सदस्यों की टीम पहुंची जहां खेतों में पहुंचकर किसानों की फसलों का जायजा लिया एवं सर्वे के लिए निर्देशित किया।

# संत समाज का अपनाम नहीं सहेगी– कांग्रेस

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष अजय जाटव के नेतृत्व में माननीय प्रधानमंत्री जी के नाम दमोह कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा जो सागर में मंदिर निर्माण को लेकर संत रविदास जी के बारे में अभद्र टिप्पणी की गई उसके विरोध में ज्ञापन विजयवर्गीय से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने एवं प्रधानमंत्री को कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन, दमोह विधायक, पं.मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, राजेश तिवारी, भगवान दास चौधरी, राजू गुप्ता, गोपाल मासाब, कोमल अहिरवाल, बसंत कुशवाहा, नितिन मिश्रा, कमलेश उपाध्याय, केके अग्रवाल, केके



वर्मा, मुकेश रोहितास, मुकेश रोहित, रजनी ठाकुर, शमीम कुरैशी, गीता लोधी, पप्पू खटीक,गोपाल रैकवार, चनुर अहिरवार, भूपेन्द्र आजवानी, कुलदीप अहिरवार, कृष्ण कुमार अहिरवार, नाथूराम अहिरवार, प्रशांत चौधरी, रघुवीर रैकवार, राजीव बंसल, अकलेश अहिरवार, के.टी. ठाकुर, प्रीतम बंसल, आशीष कटारे, जितेंद्र जाटव, अरूण अहिरवार, ईशू रजक, अरविन्द अवस्थी, बलराम ठाकुर, जित्तू अहिरवार, खिल्लू ठाकुर, धर्मेन्द्र उर्फ मिथलेश, राजकुमार कछवाहा, अजय पारोचे, कोमल अहिरवाल, भरत अहिरवाल नरेश अहिरवाल, अनुज ठाकुर, जावेद भाईजान, आशीष पटेल, ललित नायक, दीपेश सेन, नीतेश अहिरवार, अभिषेक, कुन्दन, पप्पू खटीक, मंयक खटीक, भूपेन्द्र बंसल, भातू बंसल, राजा खटीक, राजेन्द्र बंसल, भोलू बंसल, संजू बंसल, भरत अहिरवार की उपस्थिति रहीं।

# शासकीय हाई स्कूल बजाड़ी में किया गया साइकिल वितरण निशुल्क साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**मैनपुर।** पढ़ाई में दुरी की बाधा दुर करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत सोमवार को गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड शासकीय हाई स्कूल बजाड़ी में 17 बालिकाओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। एवं कापी वितरण किया गया इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्यअतिथिसम्मानीय क्षेत्रीय जनपद सदस्य, जनपद पंचायत मैनपुर के उपाध्यक्ष, विकास खण्ड मैनपुर शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री मती नंदकुमारी राजपूत व ग्राम पंचायत बजाड़ी के सरपंच श्री बरूण कुमार सोरी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हाई स्कूल बजाड़ी के सदस्य श्री मकरध्वज साहू, श्री सुभाष यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस दौरान 17 छात्रोओ को निःशुल्क सायकल वितरण करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल में अध्यनरत छात्राओं ने सायकल पाकर काफी खुश नजर आए। प्राचार्य ईश्वर सिंह चौहान जी ने कहा कि पहले ग्रामीण अंचल की बहुत सी बालिकाओं को स्कूल की दुरी अधिक होने के कारण पढाई से वंचित हो जाना पड़ता था। अब छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निःशुल्क सायकल वितरण करने से बालिकाओं को स्कूल आने जाने में परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं, जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं को भी मिलने लगी है।
इस मौके पर प्रमुख रूप से शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य ईश्वर सिंह चौहान एवं समस्त शिक्षक स्टॉप व छात्र छात्राएं एवं नगर के वरिष्ठजन उपस्थित थे ।

# भाजयुमो का नवमतदाता संपर्क अभियान जोरों पर,ज़िला केंद्र में कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय में किया सम्पर्क

***संवाददाता हेमचंद नागेश***

***गरियाबंद*** *भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ योगीराज माखन कश्यप के नेतृत्व में राजिम विधानसभा में सोमवार को गरियाबंद मंडल के वीर सुरेंद्र साय शासकीय महाविद्यालय में 75 से अधिक नव मतदाताओं से संपर्क कर अभिनंदन पत्र देते हुए स्वागत वंदन करके बहुत बहुत शुभकामनाएं दिए।ज़िलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने युवाओंसे राष्ट हित मे मतदान करने*



*एवं यशस्वी प्रधानमंत्री के पार्टी भाजपा के कमल निशान को अपने प्राथमिकता में शामिल करके वोट देने के लिए आग्रह किया।आने वाले दिनों में नवमतदाता सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए न्योता दिए। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रतीक तिवारी,कार्यालय प्रभारी संजू साहू एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आनंद ठाकुर उपस्थित रहे।*

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478